لطایف ہندی

OR,

THE NEW CYCLOPÆDIA HINDOOSTANICA OF WIT;

CONTAINING A CHOICE COLLECTION OF

Humorous Stories,

IN THE

PERSIAN AND NAGREE CHARACTERS;

TO WHICH IS ADDED,

A VOCABULARY OF THE PRINCIPAL WORDS, IN HINDOOSTANEE AND ENGLISH.

By SHREE LULLOO LAL KUB,

B,hasha Moonshee in the College of Fort William.

Calcutta:

PRINTED AT THE INDIA GAZETTE PRESS.

1810.

श्री गणेशाय नमः

नक़्ल १

एक साहूकार पोतड़ों का रज्जा ज़माने के पेच पाच में आ अपनी दौलत सब खोबैठा और लगा निपट दुखपाने और फ़ाक़े कड़ाके खैंचने ः निदान उसके जीमें यिह ख़्याल गुज़रा कि जो मैं किसी महापुरुष या सिद्ध के पास जाऊं तो यिह दुख मिटे -क्यूंकि सुना है साध के दरशन से बाध जाती है ः इतना बिचार चला चला एक जोगी के पास गया - यिह उस से कुछ न कहने पाया कि उस ने अपने जोग से इसका मतलब दरयाफ़्त के कहा ः

सुख दुख प्रतिदिन संग हैं मेटसके नहि कोय॥
जैसे छाया देह की न्यारी नेक न होय॥

यिह मअकूल जवाब पा वुह बियासा खबर कर अपने घर आया

नक़ल २

एक अंधा बैरागी काशी के बीच मनकरनिका घाट पर बैठा गहन में दही पेड़े खारहा था कि देख कर किसी पंडित ने पूछा सूरदास जी यिह क्या करते हो ॰ बोला महाराज दही पेड़े खाता हूं - कहा गहन में ॰ जवाब दिया बाबा मेरे गुरू की दया से सदाही गहन है॰ यिह सुन पंडित हंस कर चुप होरहा

नक़ल ३

कोई राजपूत बहुत अफ़ीम खाता था इत्तिफ़ाक़न उसे सफ़र दरपेश हुआ और किसी मनज़िल में आकर उतरा वहां के लोगों ने आकर इससे कहा कि ठाकुरसाहिब यहां चोरी बहुत होती है आप

चौकसी से रहियेगा ॰ यिह बात सुनकर रात
तो उसने जागकर काटी पर यिह बात जीमें रखी
कि चोरी बहुत होती है ॰ फ़जर होते ही घोड़े
की पीठ लगा - एक शहर के बीच चला जाता था
कि एकाएकी पीनक से चौंककर पुकारा अरे रम
चेरा अरे रमचेरा घोड़ा कहां- वुह बोला महा
राज- घोड़े पै तो बैठेही जाते हो और घोड़ा
कैसा ॰ कहा बेटा इस बात का कुछ मुज़ायक़ः नहीं
लेकिन हुशयार रहना ख़ूब है

नक़्ल ४

एक बनियां कहीं गया था दो तीन दिन बअ़्द
वहां से आया तो उसने अपने घर का दरवाज़ः
बंद पाया ॰ पुकारा किवाड़ा खोलियो-भीतर से
उस की जोरू ने जवाब दिया कि खोलूं हूं बाबा-
इस ने सुनकर कहा ऐ रांड़ क्या बकती है-वुह
बोली मेरी आंख दुखे है-कहा आंख की तो सच
है भैया

सुख दुख प्रतिदिन संग हैं मेटसकै नहि कोय॥
जैसे छाया देह की न्यारी नेक न होय॥

यिह मअ़कूल जवाब पा वुह बियासा खुश हो कर अपने घर आया

नक़्ल २

एक अंधा बैरागी काशी के बीच मनकरनिका घाट पर बैठा गहन में दही पेड़े खारहा था कि देख कर किसी पंडित ने पूछा सूरदास जी यिह क्या करते हो॥ बोला महाराज दही पेड़े खाता हूं– कहा गहन में॥ जवाब दिया बाबा मेरे गुरू की दया से सदाही गहन है॥ यिह सुन पंडित हंस कर चुप होरहा

नक़्ल ३

कोई राजपूत बहुत अफ़ीम खाता था इत्तिफ़ाक़न उसे सफ़र दरपेश हूआ और किसी मनज़िल में आकर उतरा वहां के लोगों ने आकर इससे कहा कि ठाकुरसाहिब यहां चोरी बहुत होती है आप

ऐकसी से रहियेगा ः यिह बात सुनकर रात तो उसने जागकर काटी पर यिह बात जीमें रखी कि ऐारी बहुत होती है ः फ़जर होते ही घोड़े की पीठलगा - ऐक शहर के बीच चला जाता था कि ऐकाऐकी पीनक से चौंककर पुकारा चरे रम ऐरा चरे रमऐरा घोड़ा कहां - वुह बोला महा राज - घोड़े पै तो बैठेही जाते हो चौर घोड़ा कैसा ः कहा बेटा इस बातका कुछ मुज़ायक़: नहीं लेकिन हुशयार रहना ख़ूब है

नक़्ल ४

ऐक बनियां कहीं गया था दो तीन दिन बऋद वहां से चाया तो उसने चपने घर का दरवाज़: बंद पाया ः पुकारा किवाड़ा खोलियो - भीतर से उस की जोरू ने जवाब दिया कि खोलूं हूं बाबा - इस ने सुनकर कहा ऐ रांड़ क्या बकती है - वुह बोली मेरी चांख दुखे है - कहा चांख की तो सच है मैया

नक़्ल ५

पठानों की किसी बस्ती में एक मुल्ला था - जो कुछ फ़ातिह: दरूद का उन्ह के काम होता उस को बुला लेते और अपना काम करवा लेते ॐ इस में शबिबरात जो आई तो हरएक के घर से उसे बुलाहट हुई तब उस के किसी आशना ने पूछा कि कहो दोस्त - आज तुम अकेले क्या करोगे और किस तरह घर घर फ़ातिह: पढ़ोगे ॐ बोला भाई मुझे फ़ातिह: पढ़ने से क्या काम मुरद: दोज़ख़ जाय या बिहिश्त मुझे अपने हलुवे माड़े से काम है

नक़्ल ६

किसी ने एक ज्ञानी से पूछा कि महाराज- आदमी जग में पैदा हो कर दुख से क्योंकर छूटे सो दया कर मुझसे कहो- तब उस ने इस को जवाब तो न दिया पर यिह दोहा पढ़ा

भुगतमान भुगतें बने ज्ञानी मूरख दोय
ज्ञानी भुगते ज्ञान सों मूरख भुगते रोय

नक़्ल ७

दो कलावंत दक्षिन से कमाई किये दिल्ली को चले आते थे - कि राह में दौड़ों ने आय लिया और लगे कर छियां भाले उठाय उठाय मार मार डाल डाल पुकारने ॰॰ उस वक़्त ये दोनों भी हट गाड़ी से उतर झट परतल के टट्टू पर जा बैठे और लगे उन से पूछने कि बलैयालों मार मार डार डार ही कर जान्यौ है के कभू चौपड़ हू खेले हौ ॰॰ उन में से एक बोला कि क्यौं - इन्हों ने कहा कि कंहू जुग हू मार्‌यौ जात है ॰॰ इस लतीफ़े से वे बहुत खुश हूए और इन्हें न लूट हंस कर चले गये

नक़्ल ८

किसी ठाकुर द्वारे में कई एक अताई चैन से बैठे गाय रहे थे और बहुत से लोग खड़े सुन्ते थे ॰॰ इस में एक ढीठ बैरागी आया और उन के हाथ से तंबूरा ले सब के बीच में बैठ लगा बेसुरा हो गाने ॰॰ उसका खटराग सुन सब उदास हूए पर

कोई कुछ नबोला ॐ निदान एक औवे खड़ा सुनता था- उस ने कहा बाबाजू बस कभौ बस कभौ बहुत गाये - वैरागी ने खिजलाकर जवाब दिया महाराज - मैं तो अपने ठाकुर को रिझाता हूं और कोई रीझा तो क्या और नरीझा तो क्या औवे बोला सारे मोकौं तौ रिझायही नसकौ कहा ठाकुर मोहू सों कूढ है जो तू रिझाय लेगौ ॐ यिह सुन वुह शरमन्दः हो चुपचाप उठ कर चलागया

नक़्ल ७

कई एक अमीरज़ादे किसी जगह एक मेख़गाड़ उसपर रुपया रख तीरंदाज़ी करतेथे और शर्त यिह थी कि जो इस रुपये को उड़ावे सो ले ॐ इत्तिफ़ाक़न किसी अल्लाद ने जा वहीं उन से सुवाल किया कि बाबा कुछ मौला नाम का सौदा करो उन में से एक नेहंसकर कहा शाह साहिब निशानः मारो और रुपया लो ॐ फ़क़ीरने झट उसके हाथसे तीर कमान ले याम्रअबूद करके एक

और अटकल पच्चू मारा कि वुह रुपया उड़ गया ॰॰

वे बोले वाहवा- इन ने दौड़ के रुपया तो उठा लिया और कहा क्यों बाबा फ़क़ीर को कुछ जवाब न मिला - उन में से एक ने कहा सांई रुपया तो लिया अब क्या कहते हो ॰॰ बोला बाबा यिह तो मेहमान के लिया है अभी फ़क़ीर का सुवाल बाक़ी है

नक़्ल १०

एक वाइज़ किसी गांव में कितने एक आदमियों को वअ़ज़ करता था - इस में कोई गंवार भी वहां आ बैठा और लगा उस का मुंह देखदेख बेक़रार हो रोने ॰॰ इस को रोता देख सब ने जाना कि यिह कोइ बड़ा मोमदिल है जो इतना रोता है- एक ने इस से पूछा कि भाई सच कह तू जो इतना रोता है तेरे दिल में क्या आया है ॰॰ वाइज़ को उंगली से बता बोला कि इन मियां की डाढ़ी हिलती देख मुझे अपना मुआ हुआ प्यारा बकरा

याद आया कि जब न तब उसकी भी इसी तरह डाढ़ी हिलती थी - इस लिये मैं रोताहूं यिह सुन सब खिल खिला उठे और बाइज़ शरमंदः हो रह गया रहा

नक़ल ११

कोई बड़ा दौलतमंद था पर उस के फ़रज़ंद न था उस ने लड़के की ख़ातिर बहुतेरे तरद्दुद किये और रुपये ख़रचे लेकिन न हूआ - तब उस ने हारमान एक ग़रीब के लड़के को गोद लिया और अपने माल असबाब का मालिक किया ॰ कितने एक दिन बअ़द वुह मर गया - यिह उस माल को पातेही लगा अंधाधुंध लुटाने और कुचाल चलने - इस की यिह चाल देख किसी ने एक से पूछा कि इस का क्या सबब जो यिह दौलत पातेही बौरला या ॰ उस ने इस के जवाब में यिह दोहा पढ़ सुनाया

कनक कनकतें सौगुनी मादिकता अधिकाय

वुह प्यारे बैरात है यिह प्यारे बैराय

नक़्ल १२

मथुरा के चौबे बड़े ठट्ठेबाज़ होते हैं - एक दिन कोई चौबे बाज़ार से मारू बैंगन ख़रीद लाया ः देखकर उस की जोरू ने पूछा कहा भरता करूं - यिह बोला मेरे कहा मूक पनी - उस ने जवाब दिया लोग तुम्हें जोयसी कहते हैं ः यिह सुन चौबे लाजवाब हूआ

नक़्ल १३

लाड़ कपूर नाम दो कलावन्त अकबर के यहां थे - अकसर बादशाह उन से चुहल करते - इस से वे भी गुस्ताख़ होरहे थे ः एक दिन बादशाह ने उनमें से किसी को कहा गाओ - वुह बोला नहीं जहांपनाह बैल - फिर हज़रत ने फ़रमाया अबे कुछ बोल - जवाब दिया मोल बीस रुपये - फिर शाह ने कहा क्या हरामज़ादः है - उसने कहा हरामज़ादः हो तो कौड़ी न लूं ः इतनी बात के

सुनते ही बादशाह ने ख़फ़ा हो कर उन्हें कहा कि मेरे मुल्क में रहे तो बेतरह पेश आऊंगा और क़िलऐ से निकलवा दिया ॰ ये मारे डर के दिन को तो दुकोसी चौकोसी शहर के बाहर गाओं में निकल जाते और रात को आते - इसी भांति नित शाम को आवते और दो घड़ी के तड़के चले जाते इत्तिफ़ाक़न एक रोज़ ये इधर से जाते थे और उधर से शिकार किये बादशाह घोड़े पर सुवार चले आते थे ॰ ये दूर से देखतेही एक ऊंचे बड़ के दरख़्त पर जा चढ़े और विन्हों ने भी घोड़ा मार विसी पेड़ के नीचे ला खड़ा किया और इन्हें पह चान कर कहा - क्यों बे मैं ने जो तुम से कहा था कि मेरे मुल्क में न रहना - जवाब दिया कि बले या लेउं - हम सब मुलकन में फिर आऐ जहां देख्यौ तहां आपही को मुलक देख्यौ - यातें हार मान अब आसमान की राह लई है ॰ इस लतीफ़े से ख़ुश हो बादशाह ने उन की तक़सीर मु

साफ़ की और नौकरी बहाल

नक़्ल १४

किसी कुंजड़न के चालीस बरस की उमर में बड़ी आरज़ू करते करते एक बेटी हुई - उन ने निपट लाड़ प्यार से उस का नाम फ़ज़ीहती रख्खा ॥ क़ज़ाकार वुह दो तीन बरस की होकर मरगई उस के ग़म से वुह नित शाम सुबह नाम ले ले रोयाकरे - एक दिनसो हाय मेरी फ़ज़ीहती हाय मेरी फ़ज़ीहती कर के रोरही थी - कि इस में उस का खाविन्द आया और समझाने लगा कि सुन नेकबख़्त हमारी तुम्हारी हयात बाक़ी और खुदा का फ़ज़्ल चाहिये तू एक फ़ज़ीहती को क्या रोती है बहुतेरी फ़ज़ीहती हो रहेगी

नक़्ल १५

एक कायथ कमसवार घोड़े पर बैठा बाज़ार में चला जाता था- किसी शाहसवार ने उसे मेंडकी से भी पीछे हटा बैठा देख के कहा कि भैया जी ज़रा

आगे हट बैठो ॰ बोला क्यौं - कहा आसन ख़ाली है - फिर उस ने जवाब दिया - क्या तुम्हारे कहे से हट बैठेंगे जैसे साईस ने बैठा दिया है तैसे बैठे चलेजाते हैं

नक़्ल १६

एक बनियां जो वह्न लाता सो नित का नित ग़रीब भूखे प्यासों को बांट देता और आप निहंग लाड ला हो रहता ॰ एक दिन उस के बड़े भाई ने पांच चार पडौसियों को बिठाय उससे कहा कि भाई जी हम महाजन हैं-हमें पूंजी रख ब्योहार किया चाहिये - इस तरह बेठौर ठिकाने दिया करें तो हमारी महाजनी क्योंकर रहे ॰ जवाब दि या भाई साहिब क्या तुम ने यिह दोहा भी नहीं सुना जो ऐसी बात कहते हो

सब से दिया अनूप है दिया करो सब कोय
घर में धरा न पाइये जोकर दिया न होय

नक़्ल १७

कोई गुस्सःवर अंधा कहीं को चलाजाता था कि एक अंधे कुए में गिरपड़ा और लगा पुकारने कि यलियो दौड़ियो लोगो मैं कुए में गिरपड़ा॰ लोग शहमश्या दौड़के वहां गये और कुए के मन घटे पर खड़े हो उस के निकालने का तरद्दुद करने लगे - कुछ देर जो हुई तो वुह भीतर से ख़फ़ा हो बोला कि जल्दी निकालते हो तो निकालो नहीं तो मैं किधरही को चला जाता हूं मुझे फिर न पाओगे

12

नक़्ल १८

किसी बड़े आदमी के पास एक ख़ुश मसख़रा आ बैठा था और इन के यहां कहीं से गुड़ आया - उस ने ज़राफ़त से कहा कि ख़ुदावन्द मैं ने उमर भर में तीन दफ़ऽ: गुड़ खाया है॰ बोला बयान कर - कहा एक तो छठी के दिन जनम घूंटी में खाया था और एक कान छिदाये थे तब और एक

13

आज आऊंगा ॰ उसने कहा जो मैं न दूं - बोला सोही दफ़ः आया सही

नक़्ल १९

पांच चार पोस्ती किसी मकान पर बैठे बरहमान ते थे - कि उन में से एक का ख़्यालः जो मसरूर तैयार हूआ - बोला पोस्ती ने पिया पोस्त तो दिन चला अढ़ाई कोस ॰ यिह सुन कोई दूसरा बोल उठा कि वुह पोस्ती न होगा कोई क़ासिद होगा - पोस्ती ने पिया पोस्त तो कूंडे के इस पार या उस पार और जो बीच में जगह पावे तो वहीं मक़ाम करे

नक़्ल २०

दो आशना मिलकर सैर को निकले और चले २ ले दरया कनारे पर पहुंचे - तब एक ने दूसरे से कहा कि भाई तुम यहां खड़े रहो तो मैं जलदी से एक ग़ोतः लगा लूं ॰ इस ने कहा बहुत बिहतर यिह सुन वुह बीस रुपये इसे सुपुर्द कर कपड़े किनारे

पर नघ जो पानी में पैठा तो इस ने चालाकी से वे रुपये किसी के हाथ अपने घर भेज दिये ॰ उस ने निकल कपड़े पहन रुपये मांगे - यिह बो ला हिसाब सुन लो - उस ने कहा अभी देनेदेन भी नहीं हुई हिसाब कैसा ॰ ग़रज़ दोनों से तकरार होने लगी और सौ पचास आदमी घिर आये - उन में से एक ने रुपयेवाले से कहा कि मियां क्यों झगड़ता है हिसाब किस लिये नहीं सुनलेता ॰ हार मान उस ने कहा अच्छा कह-वुह बोला जिस वक़्त आप ने ग़ोतः मारा मैं ने जाना डूब गये पांच रुपये दे तुम्हारे घर ख़बर भेजी और निक ले तब भी और पांच रुपये ख़ुशी की ख़ैरात में दि ये - रहे पांच सो मैं ने अपने घर भेजे हैं बिन का कुछ अन्देशः होतो मुह से तमस्सुक लिखवा लो ॰ यिह धांधल पने की बात सुन वुह बिचारा बो ला भला साहिब भर पाये

नक़्ल २१

दो कायथ अ़क़्लमन्द लिखे पढ़े किसी मकान पर बैठे बह़सते थे - एक कहता था कि आदमी उत्तम बरन में पैदा होने से पंडित चतुर होता है और दूसरा कहता था कि अच्छी संगत से ॰ उन का बह़सना देख किसी मरद के आदमी ने कहा कि इस बह़सने से तो तुम्हारा कज़ियः न मिटेगा - बिहतर है कि इस मुआमले में किसी को मुनसिफ़ मानो यिह बात उन दोनों को पसन्द आई और सूरदास जी के पास जाकर हरएक ने अपना दअ़वा इज़हार किया ॰ सुनतेही सूरदास ने उन के जवाब में यिह दोहा पढ़ा

स्वात बूंद सीपी मुकत कदली भयौ कपूर
कारे के मुख बिष भयौ संगत सोभा सूर

नक़्ल २२

15 कोई पोस्ती जंगल में बैठा प्याले में पोस्त घोल रहा था - इत्तिफ़ाक़न किसी हाड़ हूड़ से एक ख़र

गोश जो निकल दौड़ा तो उसके धक्के से इसका प्याला लुढ़क पड़ा ः यिह खफ़ा हो बोला कि मुंह से क्या कहें भला तेरे मुनव्बी ही से जाकर कहेंगे - इतना कह कूंडी सोंटा बगल में दबा शहर में जा हर एक चौपायेको देखता चला - निदान एक गधे को जो उस के रंग से मुशाबः पाया तो गधेवाले से जाकर कहा कि तेरे इस जानवर के बेटे ने मेरा पोस्त का प्याला भरा हूआ लुढ़ा दिया ः उस ने कहा कि जिस के बेटे ने लुढ़ाया है उसी से जाके कहो - यिह सुन वुह गधे के पासजा उस की पीठ पर हाथ रख चाहे कि कुछ कहे वोंहीं उस ने फिरकर एक ऐसी दुलत्ती मारी कि यिह बिचारा आह कर बैठ गया और हंस कर बोला कि क्यों न हो जिस का मुनव्बी ऐसा हो उस का लड़का वैसा हूआ ही चाहे - इतना कह चला आया

नक़ल २३

एक बादशाह ने किसी से कहीं यिह बात सुनीथी

कि पूरब के लोग बड़े बद लिहाज़ औ बेतमीज़ हो
ते हैं ॐ इस बात के इमतिहान करने को बादशाह
ने चार तरफ़ से चार रंडियां मंगवा तरबीयत
करवा अपनी ख़िदमत में रक्खीं - कई बरस के ब
अ़द एक दिन बादशाह महल सरा में सरिशाम
से बैठे नाच देखते थे औ रचार घड़ी रात पिछ
ली बाक़ी रहगई थी - उस वक़ शाह ने वुह बात
याद कर के पहले पच्छम वाली रंडी से पूछा कि
रात कितनी होगी ॐ वुह बोली जहां पनाह रा
त थोड़ी है - कहा तूने किस तरह जाना - अ़र्ज़ की
कि नथ के मोती ठंडे लगते हैं ॐ फिर दख्खन वाली
से पूछा कि अब कितनी होगी - जवाब दिया कि क़
रकीब है कि फ़ज्र हो - फ़रमाया तू ने क्यों क
र दरयाफ़्त किया - बोली पान मीठा लगता है ॐ
बअ़द उत्तर वाली से पूछा - जो रैन किस क़द्र
होगी - कहा निपट थोड़ी है - इरशाद फ़रमाया
तैं ने किस ढब से मअ़लूम किया - बोली हज़रत

सलामत यनाग की जोत मंद हुई ॐ पीछे पुनव गी से पूछा कि निस कितिनी नही हो गी- ऊतन दि या निहायत थोड़ी है - बोले तूने कैसे जाना - न ज़ की कि जहांपनाह मुझे पाखाने की हाजत हूई है ॐ इस बात के सुनतेही सब बेगमात और सहे लियां खिलखिला उठीं - तब शाह ने खफ़ा हो यिह कह उसे उठवा दिया कि उस शख्स ने स च कहा था उस मुल्कके लोग लाइक़ बादशाहों की मजलिस के नहीं

नक़्ल २४

एक दिन अकबर बादशाह ने बीरबल से कोई बात कहक उस का जवाब पूछा ॐ बीरबल ने वुह जवाब दिया कि जो बादशाह के दिल में ठहना था - सुन कर शाह ने कहा कि यही बात मेरे भी जी में आई है ॐ बीरबल बोला कि पीरमुरशिद यिह वही बात है जो सौ सियाने एक मत - शाह ने कहा कि यिह मसल भी तो मशहूर है जो फिर

सिर अक़्ल गुमगुन किहा ॐ फिर बीरबल ने अर्ज़ की कि जहांपनाह मिज़ाज में आवे तो इस बात को आज़मा लीजे - फ़रमाया बहुत अच्छा ॐ इस नी बात के सुन्तेही बीरबल ने शहर में से सौ अ़क़्‌मन्द बुला भेजे और दो पहर रात के वक़्त बाद शाह के हुज़ूर उन्हें एक ख़ाली हौज़ बता कर कहा - हुज़ूर का हुक्म है कि इसी वक़्त हरएक आदमी एकएक घड़ा दूध का भर कर इस हौज़ में डाले ॐ हुक्म बादशाही के सुनतेही हरएक ने अपने जी में यिह बात समझके कि जहां निन्यानबे घड़े दूध के होंगे तहां मेरा एक घड़ा पानी का क्या मअ़लूम होगा पानीही डाला - बीर बल ने शाह को दिखाया शाह ने उन सब से कहा - तुम ने क्या समझ के मेरे हुक्म को न माना सच कहो नहीं तो बेतरह पेश आऊंगा ॐ बिनमें से हर किसी ने हाथ बांधबांध कर कहा कि जहांपनाह ख़्वाह मानिये ख़्वाह छोड़िये ग़ुलाम के जीमें यिह बात आई

कि जहां निन्न्यानवे घड़े दूध के होंगे वहां ऐक घ
ड़ा पानी का क्या मअ़लूम होगा ॰ यिह बात सबकी
ज़बानी सुनकर बादशाह ने बीरबल से कहा जो
कानों सुनते थे सो आंखों देखा - कि सौ सियाने
ऐक मत

नक़्ल २५

ऐक शख़्स बड़ा अफ़ीमी था - उसके यहां कोई
खि़दमतगार नया नौकर हूआ - उनने उससे पू
छा कि मियां तू कुछ नशः तो नहीं पीता - बोला
पीर मुरशिद गुलाम सिवाय अफ़ीम और किसी
नशे से आशना नहीं ॰ यिह बात सुन बहुत ख़ुश
हो अफ़ीम की डिबिया निकाल उनने आप खा
उसे देकर कहा - कि मियां आज हमारा जी खा
ना है मीठे चांवल जलदी से पका दो तो खांय-
बहुत खूब करके पकाने लगा ॰ इस में पीनक जो
लगी तो दो पहर गुज़र गये- आक़ाने पुकारके कहा
कि अरे भाई चांवल पके या नहीं - बोला कि खु

रावंद पक चुके हैं पर दम देना बाकी है - कहा जल्दी लाओ ः किस्सः कोतह व हज़ार खराबी फ़ज़र से पकाते पकाते शाम को तैयार कर लेगया - देख कर आका ने कहा शाबाश क्या जल्दी पका लाया है ः इतनी बात के सुनते ही वुह हाथ जोड़ कर बोला कि किबलः फ़िदवी से आपकी नौकरी नहो सकेगी - कहा क्यों - जवाब दिया ऐसी शिताबी में एक रोज़ मेरी जान जाती रहेगी और चलागया

नक़्ल २६

शाहजहां बादशाह दाराशिकोह शाहज़ादे को बहुत चाहते थे - एक रोज़ चंडोलीदार हाथी पर सुवार और दाराशिकोह खवासी में चलेजाते थे - इस में शाहज़ादे ने एक तरफ़ देखा जो कोई साहूकार बच्ची सोलह सत्तरह बरस की जिसका चांद सा मुखड़ा काजल मिस्सी लगाये पान खाये नखसिख से सिंगार किये जवानी का मद पिये दोनों हाथ किवाड़ के दोनों बाज़ुओं पर दिये बेहिजाब

फुलें बंदों खड़ी देखती है ॐ विसकी बेबाकी देख शाहजादे ने रीझ कर बाप से कहा - जहां पनाह देखिये यिह औरत किस बेहिजाबी से इधर देख ती है - शाह ने शहजादे की बदतीनती देख फर माया बाबा जान बाप भाई के रूबरू हिजाब क्या चाहिये ॐ यिह सुन शहजादः शरमा कर चुप हो रहा

नक़्ल २७

किसी तीरथ के नजदीक एक मठ में कितने एक फ़कीर रामावत नीमावत नानकपंथी दादू पंथी सन्यासी बैठे आपस में मत का बिवाद कर रहे थे कोई किसी की बात न मानता था अपने अपने पंथ की थोड़ाई बड़ाई करते थे ॐ निदान झगड़ते झगड़ ते तूंबे खपर फूटने की नौबत पहुंची - इस में एक अवधूत बोला साधो क्यों लड़ मरते हो इस दोहे के अर्थ को तो समझो ॐ

घट घट में मूरत दही लाल जो नहीं विवेक

जैसे फूटी आरसी खंड खंड मुख एक

नक़्ल २८

एक उमरा बड़ा बख़ील था कि कभी झूठे हाथ
से कुत्ता भी उसने नमारा था और खाने खिला
ने का तो क्या ज़िक्र - एक रोज़ कोई कलावंत भूला
भटका उसके यहां जा पहुंचा और उसे बड़ा आ
दमी जान तंबूरा मिला ख़ूब गाया और उनने भी
रीझकर दाद दी - बारे इतने में बकावल ने आ
अर्ज़ की कि खुशबावर्च ख़ास: तैयार है ॰ बोला कि
मेरे सिर में दर्द है अभी रहे एक नींद लेकर
खाऊंगा - यिह बहान: कर मुहछक से रहा और
कलावन्त भी उस के मकर करने के मक़सद को दर
याफ़्त कर पलंग के तले पांयती लोट रहा - पहर
एक के बाद उमरा ने किसी अपने याकर से
पूछा कि अबे वुह बला गई - इस में कलावंत ने
जवाब दिया कि बलैया लेऊं यिह बला तो क़दमन
लगी है बिन खाना खाये कब जाति है ॰ इस लती

फ़े को समझ खुश हो उस ने इसे अपने साथ खाना खिला कुछ दे रुख़सत किया

नक़्ल २७

किसी गांव में एक लड़का छदाम की कौड़ी ले भड़भूंजे की दूकान पर चबेना लेने गया - उस ने चबेना कौड़ी ले तोल दिया - इस ने खंभे की घपची में कर दोनों हाथ बढ़ा लेने तो लिया पर हाथ न निकाल सका - तब रोने लगा - उस का रोना सुन बहुत से लोग वहां जमा हुए और हाथों में खंभा देख हैरान - किसी की अक़्ल कुछ काम न करती थी ॰ निदान एक ने उन में से कहा कि भाई लालबुझक्कड़ आवे तो यिह लड़का बचे - नहीं तो इस का बचना दुशवार ॰ यिह सुन कोई उस का मालिक लालबुझक्कड़ को बुलाही लाया और आतेही विन्हों ने देख कर फ़रमाया ॰

कि बूझे लालबुझक्कड़ और जो बूझे को
छान बलेंडा दूर करो इसे ऊपर कर के लो

नक़्ल ३०

लाड़ कपूर एक दिन अकबर बादशाह के रूबरू ख़ूब गारहे - शाह ने नीह़ कर हाथी दिया - ये लेआये ॰ बरस एक के बअ़्द इन दोनों भाइयों के जी में आया कि आज हाथी की ख़ुराक मल कर देखें कि कितना खाताहै और किस तरह़ खा ता है ॰ ग़रज़ सांतिब के वक़्त मूढ़ा बिछा बिछा हाथी के पास जा बैठे और उस का खाना देख निहायत हैरान ओ फ़िक्रमंद हो आपस में कहने लगे - कि भाई साहिब बादशाह ने यिह हमारे पीछे कोई बड़ी बला लगादी - न इसे बेच सकें न किसी को दे सकें जो यिह चंद रोज़ यहां रहा तो इस के खाने के आगे हमारा गाना बजाना सब ख़ाक में मिल जायगा ॰ इतना कह कुछ दिल में समझ ढोलक तंबूरा उस के गले में डाल छोड़ दिया - उस ने शहर में जा धूम की और शहरियों ने जा बादशाह के यहां फ़रयाद ॰ शाह ने फ़रमाया

देखो किस का हाथी है किसी ने आ अर्ज़ की कि जहांपनाह लाड़ कपूर का - हुक्म किया कि उन्हें बुलवाओ - कहने के साथही वे आन हाज़िर हूए देखतेही खफ़ा हो हज़रत ने कहा कि क्यों बे तुम ने हाथी क्यों छोड़ दिया - उन्हों ने हाथ बांध अर्ज़ की कि क़िबलये आलम- गुलाम को जो हुनर आताथा सो बरस रोज़ में सब सिखला ढोलक तंबूरा उस के हाथ दिया ⁘ इस लिये कि शहर बादशाही है इस में जाकर कमावे और कुछ विस में से आप खा हमें खिलावे ⁘ इस लतीफ़े के सुनते ही खुश हो बादशाह ने उन का क़ुसूर मुआफ़ किया और हाथी के ऐवज़ एक गांव दिया

नक़्ल ३१

कोई बनियां बटोही बाट भूलके एक बन में जा निकला - विसे वहां और तो कोई न नज़र आया पर एक जोगी दिखाई दिया - इस ने उसे दंड वत करके पूछा नाथ जी आते हो कहां से और

जाओगे कहां ः जवाब दिया - बाबा हिंगलाज ज्वालामुखी हरिद्वार कुरुक्षेत्र करके तो आता हूं और काशी हो गंगा गोदावरी का मेलाकर सेतबंधरामेश्वर को जाऊंगा ः बनिये ने कहा महाराज एक बात पूछूं जो ख़फ़ा न हो - बोला बाबा एक नहीं दो - कहा महाराज हम गृहस्ती हैं जो देसदेस फिरें तो कुछ दोष नहीं आप फ़कीर हो भटक भटक क्यों जनम गंवाते हो - एक ठौर बैठ कर किसलिये अपने भगवान का ध्यान नहीं करते - कहा बाबा तूने यिह कहावत नहीं सुनी

बहता पानी निरमला बंधा गंधीला होय
साधू जन रमता भला दाग न लागे कोय

नक़्ल ३२

किसी ताजिर का लड़का बड़ा क़्मारबाज़ हुआ जब वुह क़्मारबाज़ी करके पकड़ा जाय तब उसका बाप रुपये दे कर छुड़वा लाय - एक रोज़ उस के बाप से किसी उसके भाई ने समझा कर कहा

कि जो तुम इसी तरह बेटे की सामीपीके निर डां ड़ भरोगे तो एक दिन सब दौलत खो भूखे मरोगे ॰ इस ने पूछा मैं क्या करूं - जवाब दिया अब ख़ा नःजंगी करके कैद पड़े तो न छुड़वाओ फिर आप ही सीधा हो जायगा - कहा बहुत अच्छा ॰ ग़रज़ वुह ख़ानःजंगी कर कैद में पड़ा और इसने न छुड़ाया - पांच चार बरस वहीं रहने दिया - इस में किसी भले आदमी ने आकर इन से कहा कि अब तुम्हारे बेटे ने ख़ानःजंगी से हाथ उठाया और तौबः की ॰ इन्हों ने उस की बात मान विसे छुड़ा मंगाया - एक दिन वुह बातों हीं बातों में किसी पर ख़फ़ा हुआ तब उस के बाप ने कहा मियां यिह वही मसल है रस्सी जलगई पर बल न गया

नक़्ल ३३

सुनते हैं कि इबराहीम अदहम का सेज सवामन फूलों से संवारी जाती थी - एक रोज़ बांदी ने

25

सेज तैयार करके अपने जी में बिचारा कि इस बिछौने पर सोने से कैसा आराम जी को होता होगा - यिह सोच इधर उधर देख हुई जों उस पर लेटी तों आराम पाके बेहोश सो गई और फूलों के अन्दर पैठ बे मअ़लूम हो गई - पहर एक पीछे बादशाह ने भी आ उसी पर आराम फ़रमाया - घड़ी दो एक बअ़द उस ने जो करवट ली शाह घबराकर उठ खड़े हूए और बोले कि देखो इस पलंग में क्या बला है ॥ एक के कहते दस दौड़ आए और उन्हों ने बांदी को निकाल बाहर किया - देख कर हज़रत ने फ़रमाया कि इस मुरदार को मेरे रूबरू सौ तांड़िया ने मारो - बात के कहते ही लोगों ने सौ कोड़े गिन कर बेदरेग़ लगाए - उस ने पयास हंस हंस कर और पयास रो रो कर खाए ॥ यिह तमाशा देख बादशाह ने उसे पास बुला के पूछा कि सुन तो मार खाने से आदमी रोता है तू जो

हंसी और रोई इस का क्या सबब - अर्ज़ की ज
हांपनाह फूलों की सेज पर पहर भर सोने की
सज़ा ख़ुदा के यहां न हो यहां हीं हुई - इस बात
को तो सोचके मैं हंसी और आप को ख़ुदा के
यहां इस सेज पर नित सोने की नजानूं क्या सज़ा
होगी यिह अन्देशः कर के रोई ॥ कहते हैं कि
इबराहीम अदहम इस बात के सुनते ही बाद
शाहत छोड़ फ़क़ीरी ले जंगल को चला गया

नक़्ल ३४

शाहजहां बादशाह के शाहज़ादः दाराशिकोह
को चिड़ियाओं से बहुत शौक़ था - एक रोज़ फ़र
माया - शहर में मनादी फेर दो कि जिस के यहां
जो जानवर शिकारी उड़ने लड़ने बोलने वाला है
लेकर कल फ़ज़र हुज़ूर में हाज़िर होय - इस
ख़ुश ख़बरी के सुनते ही जितने शहर में शौक़ीन
थे अपने अपने परन्दों को उड़ाय लड़ाय बुलाय
दौड़ाय तैयार कर बड़े तकल्लुफ़ से ले गये और

कोई तमाशबीन तमाशा देखने के वास्ते से एक कौवे को पिंजरे में बन्द कर कई एक अमद: गिलाफ़ उस पर डाल उन के पीछे लिये चला गया- वहां सब के जानवर खुले और दिखलाये गये - हर किसी ने अपने जानवर की तअ़रीफ़ की और इनआ़म पाया - जब इस की नौबत आई तो यिह अपने दिल में घबराया ॰ गरज़ लोगों ने इस के हाथ से पिंजरा ले गिलाफ़ उतार कौवा शहज़ादे को दिखाया - देखते ही हंस कर शहज़ादे ने इस से पूछा कि मियां इन सब के जानवरों का तो वस्फ़ देखा और सुना अब तुम अपने जानवर का बयान करो कि यिह क्या वस्फ़ रखता है॰ हाथ बांध खड़ा हो बोला पीरमुरशिद - किसी का उड़ना लिया है किसी का लड़ना किसी का बोलना किसी का दौड़ना - पर इस का गुर्ग ही लिया है ॰ इस हाज़िरजवाबी से खुश हो दारा शिकोह ने इनआ़म सब के साथ उस को भी

दिया

नक़्ल ३५

किसी रोज़ अकबर बादशाह और बीरबल एक बाग़ के बुर्ज पर बैठे खेतों का सबज़ा देख रहे थे - इस में बादशाह ने एक मोर को खरहर के खेत में जाते देख पूरबी ज़बान में चढ़ना हि ज़रा फ़त बीरबल को कहा ॰ बीरबल देख तोर में मोर जात है - समझ के वैाहीं विसी बोली में बीरबल ने भी जवाब दिया - जहांपनाह तोर फाटत जात है मोर पैठत जात है ॰ सुन कर बादशाह चुप ही हो रहे

नक़्ल ३६

एक कबीश्वर अपने शागिर्द को साथ ले किसी शहर में रोज़गार के लिये गया और वहां के उमदः लोगों से मुलाक़ातकर के कई बरस विस जगह रहा - पर कुछ उसे फ़ायदः न हुआ क्यों कि वहां के लोग अपनी जहालत से इस के गुन

को न समझे - तब इस के शागिर्द ने यिह दोहा उस के सोंहीं पढ़ा॰

जहां न जाकौ गुन लहै तहां न ताकौ ठांव
धोबी बैठ कहा करै दीगंबर के गांव

उस के जवाब में उस्ताद ने भी यिह दोहा कह सुनाया

जहां न जाकौ गुन लहैं तहां न दुष्य सुष्य बात
बन में तज मुकुतानकौं पहरत गुंज किरात

नक़ल ३७

कोई मरदे आदमी किसी तालिबुल इल्म की ज़बानी एक आलिम के इल्म की तारीफ़ सुनकर मुश्ताक़ हो उस के घर मुलाक़ात को गया - वुह अपने दरवाज़े पर बैठा किताब मुताला़ करता था - यिह सलाम कर उन के सोंहीं मुअद्दब बैठ बोला - हज़रत सलामत - यिह कौन सी किताब है - जवाब दिया - तू कौन है जो मुझ से पूछता है॰ कहा आप का ख़ादिम हूं - बोला जा तुझे इस के समझने

की लियाक़त नहीं - इस ने कहा बस मअलूम
हूआ कि आप इल्म ग़ैब की किताब देखते हैं कि
जिस से वे मुलाक़ात आप ने मेरी लियाक़त दर
याफ़्त की ॰ इस बात को सुन वुह ग़ैरतमिन्द: हो
बोला - अख़लाक़ की किताब है - तब इस ने हंस
कर यिह कहा कि आप इसी से ऐसे साहिबि अ
ख़लाक़ हैं और अपनी राह ली

नक़्ल ३८

एक बहरा गडरिया जंगल में अपनी भेड़ें चरा
ता था - क़ज़ाकार उस की एक भली भेड़ खोई गई -
तब उस ने एक लंगड़ी भेड़ की तरफ़ देख कर
कहा कि जो वुह भेड़ मिले तो इसे मैं किसी को
ख़ुदा की राह पर दूंगा ॰ इतना कहतेही भेड़
मिली - तब वुह लंगड़ी भेड़ का कान पकड़ किसी
को देने ले चला - इस में सोहीं से एक और बहरा
आया - इस ने तिस से कहा कि यिह भेड़ तू ले ॰
वुह बोला ख़ुदा की क़सम मैं ने इस की टांग नहीं

तोड़ी - ग़रज़ यही कहते कहते दोनों क़ाज़ी के यहां गये - क़ाज़ी भी बहरा था और अपने घर में किसी से ख़फ़ा हो बैठा था - इन्हें दूर से आते देख उसने अपने जी में जाना कि शायद ये किसी का पैग़ाम लिये आते हैं ॰ यिह समझ इतना कह अपने घर भीतर भाग गया - कि उस बदज़ात की बात मैं कभी न सुनूंगा

नक़्ल ३५

किसी उमरा के दो बेटे थे - एक सख़ी दूसरा बख़ील - सख़ी तो अच्छे अच्छे जवानों को बड़े बड़े दरमाहे करके नौकर रखता और बख़ील छोटे छोटे लोगों को कम महीने पर चाकर रखता ॰ एक रोज़ उन के बाप ने उन दोनों को किसी ग़नीम से लड़ने को भेजा - जंग में सख़ी की जीत हुई और बख़ील की हार ॰ इस बात के सुनतेही उन के बाप ने किसी अपने मुसाहिब से पूछा कि इस का क्या सबब जो एक हारा और एक जीता -

उसने जवाब दिया कि पीरमुरशिद - आपने यिह मसल नहीं सुनी - जो मानेटट्टू संग्राम तो क्यों घ नयें तालों को दाम

नक़ ४०

ऐक कछुऐ और कौवे से बड़ी दोस्ती थी - काम प ड़ने से ऐक ऐक की मदद करता ः ऐक रोज़ किसी चिड़ी मार ने कौवे को पकड़ा तब कछुऐ ने चिड़ीमार से कहा कि तुझे इस के लेजाने से बाज़ार में क्या मिलेगा - बोला दो पैसे - कहा जो तू इसे छोड़दे तो मैं तुझे ऐक मोती दूं - कहा अच्छा ः उस ने गोतः मार के मोती लादिया - पर इस ने कौवे को न छोड़ा - तब कछुऐ ने कहा कि मैं ने मोती तो तुझे लादिया - अब इसे क्यों नहीं छोड़ता ः बोला ऐक मोती और लादे तो छोड़दूं नहीं तो नहीं छोड़ूंगा - इस ने कहा अच्छा तू इसे छोड़दे मैं लादेताहूं ः वुह बोला मैं तेरी बात का कैसे इ अतबार करूं - कहा इस ने मैं झूठ नहीं बोलता-

इस बात के सुनतेही उस ने कौवे को छोड़ दिया और इस ने दूसरा मोती ला दिया ः फिर चिड़ीमार दूसरे मोती को छोटा देख बोला कि यिह मैं नलूंगा - इसी की बराबर का लादे - इस ने कहा ऐसा नहीं पर जो तू यिह मोती मुझे दे तो मैं इस के बराबर का वहां से देख लाऊं ः मारे लालच के इस ने मोती दिया - वुह ले गया: मार बैठ रहा - एक पहर के पीछे इस ने घबरा के उसे पुकारा - तब उस ने आकर खफ़ा हो कहा कि तू बड़ा बेवकूफ़ है जो मुझे पुकारता है - क्या तैं ने यिह कहावत नहीं सुनी ः जोकुछ खुदा करे सो हो - लेना एक न देना दो ः यिह सुन चिड़ीमार निरास हो अपने घर गया

नक़्ल ४१

बनारस में एक कौवे ने किसी मकान पर कितने एक विद्यार्थियों को हिल हिल कर पढ़ते देख किसू पंडित से सुवाल किया ः

हुकत हुकत बिद्यानथी कहा बूडे कहा बान
मैं तोहि पूछौं हे सखे या कौं कौन बिग्यान ॥

जवाब दिया ॥

आगे समद अगम्य है अपने बैठ कगार
रतन लैन कौं हुकत हैं हिहकत देख अपार

नक़ल ४२

किसी दिन सवाई जयसिंह एक मकान में बैठे ब्राह्मन खिलाते थे और दरबानों को यिह हुक्म था कि सिवाय ब्राह्मन के अंदर और कोई न आने पावे ॥ इस में एक भाट दरवाज़े पर गया और उस ने याहा कि भीतर जाऊं पर डिवढ़ीदारों ने न जाने दिया - इस ने सबब पूछा उन्हों ने जो राजा का हुक्म था सो कह सुनाया - तब इस ने इतना राजा को लिख भेजा ॥

दर्दमंद दरवाज़े ठाढ़े भीतर हैं बेदुआ ॥
रस की बतियां हम जानत हैं वे बांधत हैं दुआ ॥

इस बात के पढ़तेही हंसकर राजा ने सो रुपये दि

रवा भेजे - वुह ले असीस दे ख़ुशी से अपने घर
गया

नक़्ल ४३

एक बनियां हमेशः भंडसाल भरा करता - किसी
दिन विस के बड़े भाई ने आके उस से कहा कि
भैया तुझे इस में क्या नफ़ः होता होगा - कुछ
और रोज़गार क्यों नहीं करता जो ज़ियादः फ़ा
इदः हो ॰॰ बोला भाई साहिब - इस में भी आम
के आम गुठली के दाम होते हैं और कितना न
फ़ः होगा - उस के भाई ने कहा मैं कुछ नहीं
समझा बुझा के कहो - जवाब दिया मह्ज़ नफ़ः दा
म उठाता हूं और बचता है सो बरस भर अच्छी
तरह खाता हूं ॰॰ यिह सुन वुह चुपका हो चला
गया

नक़्ल ४४

ईद के दिन दो ग़रीबच्चे एक हथियार बन्द
और दूसरा निहत्था - मिल कर किसी उमरा के य

हां ढोलक तंबूरा साथ लिवाये मुजरे को गये और जब वहां से गाय बजाय रिझाय इनआम ले फिर आए तब आपस में बखरा बांटा करने के वक्त झगड़ने लगे ॰ कई एक राहगीर तमाशा देखने को आन खड़े हुए और उन में से एक ठठोल ने निहत्थे से कहा कि मियां तू इस से डरता नहीं इस के हाथ में तलवार है ॰ बोला कि हज़रत स लामत दिल अपने जी में कुछ और न समझे मेरे घर बटुए में दो रुपये धरे हैं - घर से रुपये ले चौक में जा डेढ़ रुपये की तरवार खरीद आठ आने बाड़िये को दे मछली बाड़ धरवा ला अभी सिर काट डालता हूं ॰ इस बात को सुन सब तमाशबीन हंस पड़े और उन दोनों को मिला चले गये

नक़्ल ४५

राजा सवाई जैसिंह ने मथुरा में अबदुन्नबी खां की मसजिद के मीनार की बलन्दी देखकर कहा कि इस पर से कोई कूदे तो हज़ार रुपये दूं ॰

यिह सुन एक चौबे ने पूछा कि महाराज-जो या पै तें कूदैगो वाहि हज़ार रुपैया देउगे-कहा हां ॥ इतनी बात के सुनतेही वुह चौबे अपने घर जा एक बुढ़िया सो बरस की जां बलब हो रही थी उसे ले आया-उसे देखकर राजा ने कहा इसे क्यों लाए हो-बोला यही गुमटी पर सों कूदैगी हज़ार रुपैया देउ ॥ राजा ने कहा बुढ़िया की शर्त नहीं-जवाब दिया-महाराज आप कों बढ़ो बानी तें कहा काम-तुम्हें एक हत्या लैनी है सो लेउ और मोकों हज़ार रुपैया देउ ॥ इस ज़राफ़त और हाज़िर जवाबी से खुश हो राजा ने उसे रुपये दिलवा दिये-वुह ले अपने घर गया

नक़्ल ४६

३५ एक बनिया अपने घर में रात को नींद में ग़ाफ़िल पड़ा सोता था कि एक चूहा उस के पेट पर होकर इधर से उधर चला गया-वुह नींद से

थौंकपड़ा और लगा चीख़ मार मार रोने और यिह कहने कि हाय जान गई हाय जान गई - उस के रोने की आवाज़ सुनके सब घर के लोग घिर आये और लगे पूछने कह तुझे क्या दुख है जो इतना रोता है - बोला इस घर में रह नहीं सकता - कहा क्यौं - जवाब दिया एक चूहा मेरी छाती पर हो कर इस तरफ़ से उस तरफ़ चला गया ॐ लोगों ने कहा चला गया चला गया इस के वास्ते इतना रोना क्या था - बोला किसी ने सच कहा है कि - जातन लगे सोई तन जाने दूजा क्या जाने रे भाई ॐ मैं उस के जाने पर नहीं रोता - रोता इस वास्ते हूं यिह राह बुरी निकली - आज चूहा गया है कल को सांप जायगा तो मैं काहेको जीता रहूंगा

नक़्ल ४७

एक चतुरानी नौ जवान ख़ूबसूरत चुस्त चालाक बसंत ऋतु में अपनी बहनेली के यहां गई और

कुछ इधर उधर की मनलगन बातें कर रही थी कि प्यासी हुई और पानी मांगा - इस की उस मुंह बोली बहन ने कोरे कुल्हड़े में भरकर ला दिया - जो इस ने मुंह लगाकर पिया तो कुल्हड़ा होठों से लग रहा ॥ यिह खिल खिला कर हंसी और इस दोहे को पढ़ने लगी

रे माटी के कूल्हरा तोहि डारों पटकाय
होठ रचे हैं पीउ कों तू क्यों चूसे जाय

यिह दोहा सुन उस की बहनेली ने कुल्हड़े की तरफ़ से जवाब दिया

लात सही मूंकी सही उलटे सहे कुदार
इन होठन के कारने सिर पर धरे अंगार

नक़्ल ४८

एक सौदागर का गुमाश्तः कहीं से रोकड़ लिवाये चला आताथा - राह में किसी सराय के बीच उतरा कि वहां डाका आया - तब इसने वहां के रहने वालों से कहा कि भाइयो जो तुम लड़ भिड़

के इन रुपयों को डकैतों के हाथ से बचाओ तो आधे पाओ ॰ ग़रज़ उन लोगों ने जो तो कर रुपये बचाए और आधे पाए - बाक़ी रहे सो ले वुह अप ने ख़ाविन्द के पास पहुंचा - उस वक़्त उस के मुनीब ने राह का अह्वाल सुन ख़ुश हो उसे एक दुशाला इनआम देकर कहा कि शाबाश तुम ने ख़ूब दानाई की ॰ उस वक़्त वही मुनासिब था - यिह मसल हम भी हमेशः बुज़ुर्गों की ज़बानी सुन्ते आए हैं कि जो धन जाता जानिये तो आधा दीजै बांट

नक़्ल ४९

किसी उमरा के यहां कोई भला आदमी कई एक महीने से आमद ओ रफ़्त करता था - एक रोज़ उस ने इसके हाल पर मिहरबान हो कर पांच सौ रुपये अपने दीवान से दिलवाए - उस ने नट खटी और अपनी बदज़ाती से टालमटाल करके कई एक दिन लगाए तब दुख पा इस बिचारे ने सरि मजलिस कहा कि दीवानजी साहिब - भला

मानिये या बुरा हक़ बात कहने में कुछ ऐब नहीं· आप की वही मसल है कि दाता दे भंडारी का पेट फूले ॰॰ इस मसल के सुनतेही शरमंदः हो उस ने इसे उसी वक़ रुपये गिनदिये

नक़्ल ५०

किसी मकान पर कई एक तिजारतपेशः बैठे आ पस में अपनी अपनी कमाई का अहवाल बयान कर रहे थे कि एक आशिक़तन भूला भटका वहां जा निकला और उन की बातें सुन आह कर यिह शिअ्र पढ़ा

जो आए इस जहां में सो कुछ कुछ कमा चले
एक बे सलीक़ः हम हैं कि दिल भी गंवा चले

नक़्ल ५१

एक गैंगोरा किसी हकीम के यहां हिकमत की किताब पढ़ने नित आता और यिह बात कहता कि पीरमुरशिद - जो गुलाम को आप के तसद्दुक़ से इस फ़न में कुछ मुनासबत हो जायगी तो यिह

बिन मोल का ग़ुलाम आप के क़दमि मुबारक छोड़ कर कहीं न जायगा और हमेशः ख़िदमत में रहेगा ॥ ग़रज़ इसी दमबाज़ी से कई एक बरस के अरसे में तमाम किताब पढ़ सुनके वहां से ऐसा गया कि जैसे गधे के सिर से सींग गये - फिर नज़र भी न आया ॥ एक रोज़ हकीम जी ने उस के किसी दोस्त से कहा कि तुम्हारे आशना ने हम से क्या क़ौल किया था और अब दिखाई भी नहीं देता - वुह बोला हकीम साहिब क्या आप ने यिह मसल नहीं सुनी जो ऐसी बात ज़बान पर लाते हो - काम सरा दुख बीसरा छाड़ न देत अहीर

नक़्ल ५२

कोई शख़्स किसी पर आशिक़ था पर मारे हिजाब के अपना इश्क़ उस के आगे इज़हार न करता और जिस पै आशिक़ था वुह भी जान बूझ कर शरम से कुछ न कहता ॥ एक रोज़ वे दोनों किसी

मकान पर रात को बैठे थे कि एक परवानः शमअ़ पर आ जला - उस को जलता देख आशिक़ ने किनाये से यिह दोहा पढ़ा

आहि दई कैसी बनी अन आहत को संग
दीपक के भावें नहीं जल जल मरे पतंग

इस के जवाब में मअ़शूक़ ने भी यिह दोहा कह सुनाया

आव पतंग निसंक जल जलत नमोड़ो अंग
पहले तो दीपक जले पाछे जले पतंग

नक़्ल ५३

अकबर बादशाह का यिह मअ़मूल था कि हमेशः फ़क़ीर का भेष ले रात को शहर की गली गली कूचे कूचे में फिरते और जिस ग़रीब कंगाल दुखी को देखते उस का दुख दूर करते ※ एक दिन जो निकले तो देखते क्या हैं कि कोई सौदागर बच्चो दरवाज़ः के ऊपर गोख में खड़ी रो रो बिसूर रही है - ये बोले माई टुकड़ा भेजियो - वुह रोटी

देने आई - इन्हों ने उस से पूछा तू क्यों रोती है-
जवाब दिया मेरा ख़ाविन्द बारह बरस से जहाज़
ले सौदागरी को निकला है उस की कुछ ख़बर न
हीं पाई इस दुख से रोती हूं ॥ इतना सुन रो
टी ले दुआ दे आगे बढ़े तो देखा कि कोई रंडी
रो रो चक्की पीस रही है - उसी तरह उस से
भी पूछा - उन ने कहा मेरा ख़सम चोरी को गया
है उसे तीन दिन हुए न जानूं जीता है या मारा
गया इस दुख से रोती हूं ॥ यिह सुन वहां से भी
चल निकले फिर देखा कि एक औरत नौजवान
खिड़की में बैठी डाढ़ें मार मार रोती है - उस
से पूछा तू क्यों रोती है - उने कहा मेरा शौहर
कम सिन है ॥ इस बात के सुनतेही बादशाह उ
दास हो घर आए और दूसरे दिन दीवानि ख़ास
में बैठ बीरबल की तरफ़ मुख़ातिब हो बोले - वे ती
नों बिल्लांय ॥ बीरबल ने कुछ जवाब न दिया-
फिर शाह ने कहा बीरबल वे तीनों बिल्लांय - बोला

हो जहां पनाह सलामत ः इतनी बात के सुनते ही शाहने लीली पीली आंखेंकर कहा याती इस का बयान कर नहीं तो अभी मार डालता हूं - तू ने क्या समझ के मेरी बात का जवाब दिया - बोला ः ऐक समन्दर बनज करे चोर नित उठ खो जांय ः बालकही से नेहलगावे वे तीनों बिलाय ः इस बात के सुनतेही खुश हो बादशाह ने बीरबल को निहाल कर दिया

नक़्ल ५४

किसी दिन अकबर बादशाह ने लाड़पूर का गाना सुन रीझ के ऐक घोड़ा दिलवाया - इस बल के दारोगः ने नटपटी कर के भला घोड़ा न दे ऐक बहुत बूढ़ा तुरकी दिया ऐसा कि जिस के वारे मानन्द घड़े के थे - ये से नाखुश हो अपने घर आये ः कितने दिनों के बअ़द ऐक रोज़ बादशाह ने इन से कहा कि कल तुम भी मेरे साथ फ़जर शिकार को चलियो - ये बहुत ख़ूब कह कर रुख़सत

हो अपने मकान पर आये और दूसरे दिन चार घड़ी रात रहे सवार हो दोनों बादशाह की डिवढ़ी पर जा हाज़िर हूये ॰ एक भाई उसी घुरकी के गले में बालूका भरा घड़ा बांध सवार हो गया था - जों हज़रत बरामद हूये तोंही इन्हों ने बढ़के सलाम किया - शाह ने देखतेही हंस दिया और फ़रमाया कि अबे फ़जरही फ़जर यिह क्या सवांग बना लाये हो - बोले बलैयालेऊं उलल पड़ने के डर सों दोऊ और बोहू बराबर कर लियौ है और हज़ूर के दारोग़ः ने तो गिराने कौ फ़िकर मअ़कूलही कियौ हो ॰ इस लतीफ़े के सुनतें ही शाह ने दारोग़ः को तंबीह की और इन्हें उस के एवज़ दो घोड़े दिये

नक़्ल ५५

सूरज महल्ल के वक़्त में किसी मुसलमान ने अ़र्ज़ रा हि तमस्सुर एक जाट से कहा - अबे जाट बे जाट तेरे सिर पर खाट - उस ने कहा अबे मियां

रे मियां तेरे सिर पर कोल्हू - यिह बोला तुक न मिली - उस ने जवाब दिया कि तुक न मिली तो कहा भयौ अरे बोझन तो मरैगो

नक़्ल ५६

दो ज़मीदार अपने गांव से कहीं को चले जाते थे राह में एक पचास साठ बीघे अच्छी ज़मीन का क़तअ़ देख कर उन में से एक ने कहा कि भाई यिह जगह हमारे तुम्हारे हाथ लगे तो क्या करो बोला मैं तो अपने हिस्सः की ज़मीन में फुलवारी लगाऊं - कहो तुम अपनी जगह में क्या करोगे - कहा मैं अपनी गायें भैंसें चराऊंगा - इस ने कहा भला मानों या बुरा मैं तो अपने बाग़ीचे के पास न चराने दूंगा - वुह बोला तुम्हारा कुछ इजारा नहीं है मैं अपनी ज़मीन में जो चाहूंगा सो करूं गा ः ग़रज़ इसी तरह हुज्जा तुज्जी करके लगे हा था पाई करने ः इस में कई एक राहगीर जो इन को झगड़ते देख जमअ़ होगये थे - उन्हों ने

बीच बिचाव करके इन से पूछा कि तुम क्यों आपस में लड़ते हो इस का सबब कहो - उन्हों ने सब माजरा कह सुनाया - सुनते ही उन में से एक शख्स बोला कि भाई तुम्हारी वही मसल है - कि सूत न कपास कोली से लठा लठी

नक़्ल ५७

किसी मकान में पंडित साहूकार और सिपाही ये तीनों बैठे बहस रहे थे ॐ एक कहता था कि मनुष गुन से बड़ा कहलाता है और दूसरा कहता था कि नहीं धन से और तीसरा कहता था कि न - मदद गारों से आदमी बड़ा कहलाता है ॐ इस में कोई कवीश्वर वहां जा निकला - तिन्हों ने इसे सालिस मानके कहा कि महाराज इस मुक़द्दमः में जो तुम्हारे नज़दीक सत्य हो सो अपने धर्म से कहो। तब इस ने उन के जवाब में यिह सोरठा कह सुनाया

गुन तें गरुवे होत - नहि संपत न सहाय तें ॐ

पूनैां चंद उदोत दुतिया की सर बर नहीं ॥
यिह सुन वे तीनैं चुपके होरहे

नम्बर ५८

एक रोज़ अकबर बादशाह ने बीरबल से कहा
कि तू मुझे चार शख़्स ला दे - ख़ुरबीन - काय
र - साहिबिशर्म और बेशर्म - बीरबल दूसरे
दिन भोरही एक रंडी को साथ अपने हुज़ूर में
ले गया ॥ शाह ने पूछा लाया - बोला खुदावन्द हा
ज़िर है - यिह कह बीरबल ने उस रंडी को बाद
शाह के सौंहीं ले जा खड़ा किया - हज़रत ने
फ़रमाया अबे मैंने चार शख़्स बुलवाए थे तू एक
को लाया औरतीन कहां हैं - अर्ज़ कीजहांपनाह -
इस में चारों की सिफ़ात हैं - इरशाद किया
बयान कर - बोला कि जिस वक़्त यिह अपनी सु
सराल में रहती है मारे शरम के अच्छी तरह
गला खोलकर बोलती भी नहीं और जिस बिरयां
कहीं शादी में गालियां गाती है तो बाप भाई

शौहर ससुर और सब बिरादरी के लोग बैठे सुना करते हैं पर यिह किसी की शरम नहीं करती और जब अपने शौहर के पास बैठती है तो रात को अकेली घर के कोठे में भी नहीं जाती और कहती है मुझे जाते डर लगता है - फिर जिस वक़ किसी से इस की आंख लगती है तो आधी रात की अंधेरी में अकेला बे हथियार यार के पास निधड़क चली जाती है और चोर अकार भूत पलीद से नहीं डरती ॰ यिह बात सुन शाहने ख़ुश हो बीरबल को इनआम दिया और फ़रमाया तू सच कहता है

नक़्ल ५९

कोई जोगी किसी जंगल में सरिराह ऐक पेड़ के नीचे भभूत लगाए धूनी जलाए सेली सिंगी मुद्रा पहने बाघंबर बिछाए नंगधड़ंगा आसन मारे अपने भगवान की याद में मगन बैठा भजन कर ता था कि चार मुसाफ़िर बिस राह से आए और

उसी दरख़्त के नीचे जा बैठे ॐ उन में से पहले

ऐक ने उस जोगी से कहा कि आज क्या है जो तुम

जूआ खेलने नहीं गए - कुछ हार आए हो जो

इस बन में यिह संयोग बना कर आन बैठे हो -

बोला हां बाबा सच कहता है - फिर दूसरे ने कहा

तू तो कल शराब पिये शहर की गलियों में गिर

ता पड़ता फिरता था - आज किस लिऐ यहां मकर

कर आन बैठा है - जवाब दिया हां बाबा सच

कहता है ॐ तीसरे ने कहा - तुम ने इस राह में

बहुत क़ाफ़िले ग़ारत किये हैं कहो अब किस की

ताक पर बैठे हो - बोला हां बाबा सच कहता है -

बअद चौथे ने कहा - नाथ जी आप भगवान के

ख़ास बंदों से हो कुछ मेरे हाल पर रहम करो -

उसे भी यही जवाब दिया - हां बाबा सच कहता

है ॐ ग़रज़ यिह कह सुनकर वे चारों चले गऐ

तब ऐक और मुसाफ़िर जो अलग वहीं बैठा सुन

ता था - उस के पास आया और आदेस कर बोला

कि नाथ जी - आपने चार आदमियों के चार सुवालों का एकही जवाब दिया - इस का क्या सबब ॰ उसने इस से भी कहा कि हां बाबा सच कहता है ॰ यिह बोला कि महाराज मैं विन जैसा नहीं हूं कि मुझे भी बहका दोगे - बिदून समझाए आप का पीछा न छोडूंगा ॰ इस बात के सुनतेही उस जोगीने कहा कि बाबा जो कोई जैसा होता है वुह दूसरे को भी वैसा समझता है - उनके कहे से मेरा क्या बिगड़ा - फ़क़ीर तो जैसे का तैसा बैठा है

नक़्ल ६०

एक रोज़ राजा बीर बिक्रमाजीत के यहां चार शख़्स एक साथ चोरी के मुआमले में पकड़े गए राजा ने उन में से एक को पास बुला इतना कह छोड़ दिया कि तुम्हारे लाइक़ यिह काम नथा और दूसरे को पांच चार गालियां दे निकाल दिया - तीसरे को दस बीस धौल जूतियां लगवा धक्के दिल वा निकलवा दिया और चौथे की नाक और कान

कटवा काला मुंह करवा गधे पर चढ़वा शहर
बदर करवाया ॐ यिह अदालत देख हर एक
दरबारी एक एक का मुंह देखने लगा ॐ उस
वक्त राजा ने उन से पूछा कि तुम्हारे दिल में क्या
है सो कहो - उन्हों ने हाथ जोड़ कर कहा कि
धर्मावतार आप ने न्याव तो समझ ही के किया हो
गा पर इस का भेद कुछ हम पर न खुला-राजा ने
हंस के कहा कि तुम इन यारों के पीछे हरकारे
लगा दो कि ये जाके क्या करते हैं इस की खबर
लावें - उन्हों ने सोई किया ॐ तीसरे दिन जब
हरकारे खबर ले हुजूर में आ हाजिर हूए तब
राजा ने देखकर फरमाया कि उन के समाचार
लाए - जवाब दिया हां प्रथीनाथ लाए-इरशाद
किया कहो - वे दंडवत कर हाथ जोड़ बोले कि
धर्मावतार जिसे आपने यिह कह छोड़ दिया था
कि तुम्हारे लाइक यिह काम नहीं था -वुह तो जा
ते ही ज़हर खा मर गया और जिसे गालियां दे

छुड़वाया था वुह शहर छोड़ कर चलागया और जो मार खा के छूटा है सो तिस दिन से घर के बाहर नहीं निकला और मल्हा राज जिस की नाक और कान काटे गये तिस का अह़वाल सुनिये कि राह में गधे पर सवार चला जाता था और तमाश बीन भी दो चार सौ चारों तरफ़ से लअ़नत मलामत करते जाते थे और सौहीं से उस की जो रू आई - उन्ने उसे पास बुलाकर सब के देखते कहा कि तू घर जा कर न्हा ने का पानी जल्द गरम कर रख थोड़ा शहर फिरना बाक़ी है अभी फिर कर इन मूढ़ियों के हाथ से छूट चला आता हूं ॥ इतनी बात के सुनते ही राजा ने उन लोगों से कहा जिन्हों ने कहा था कि धर्मावतार हम ने इस न्याव का भेद न जाना - कहो अब तो समझे - उन्हों ने अ़र्ज़ की कि पृथी नाथ - आप का न्याव आप ही से बने दूसरे की क्या सामर्थ जो इस में दम मारे - यिह वही है जो किसी ने कहा है ॥

आगी बागी पारखी नारी और न्याव ॰
इन पांचों के गुन हैं पर उपजें अंग सुभाव ॰

नक़्ल ६१

एक तालिबुल इल्म बड़ा बख़ील था - उस ने किसी दिन एक आशना की दावत की - खाना तो जो उस के यहां नित पकता था सोई पका पर दो अंडे खाने के वक़्त बड़े तकल्लुफ़ से उस ने दस्तरख़्वान पै ला रक्खे और कहा कि सुनो साहिब इन अंडों से एक जोड़ा मुर्ग़ का होता और जोड़े से हज़ारों बच्चे पैदा होते - यिह आप की ख़ातिर है जो मैं ने अपना इतना नुक़सान किया ॰ उस का आशना भी एकही शख़्स था बोला कि यिह तो आप ने किया पर भला घी बिन मैं क़िस तरह खाऊंगा ॰ कहा मैं अभी ले आता हूं तना सबर करो ॰ इतना कह दो पैसे और प्याला ले वुह मोदी की दूकान पर गया और उन्ने प्याला और दो पैसे उस के आगे रख के कहा कि अच्छे से अच्छा

घी मुझे दे - वुह बोला ऐसा घी दूं कि जैसा सफ़ेद पत्थर ॰ इस बात के सुन्तेही यिह प्याला और पैसे ले पत्थरवाले की दूकान पर गया और इस ने प्याला और पैसे दे उसे कहा कि भले से भला पत्थर मुझे दे - वुह बोला कि ऐसा साफ़ दूं कि जैसा बरफ़ ॰ यिह सुन वुह वहां से प्याला और पैसे ले बरफ़ वाले के पास गया और बोला कि बिहतर से बिहतर बरफ़ मेरे तईं दे - उस ने कहा कि ऐसा दूं कि जैसा आबि ज़ुलाल ॰ यिह वहां से भी प्याला और पैसे ही ले अपने घर आया और एक प्याला मीठे पानी का भर कर आशना के आगे लेगया - वुह देख कर बोला कि तुम तो घी लेने गये थे यिह क्या ले आये - जवाब दिया कि तीन निचोड़ में यिह ठहरा है - उस से यही बिहतर है - क्यों कि था इर लोग भी मुशब्बह से मुशब्बह बिहि को अव्वला जानते हैं

नक़्ल ६२

ऐक बनियां अपने बेटे को ब्याहने बरात लिये श हर से पर शहर को जाता था - राह में ऐक जं गल मिला उस में कहीं दाएं बाएं उस का भाई छाड़े फिरने गया-इ त्तिफ़ाक़न उसे वहां शेर खा गया - इस में देरी जो हूई तो बनियां अपने मन में यिह समझा कि किसी देन लेनवाले ने शा यद मेरे भाई को बैठा रख्या है - लगा रोज़ नामः खाते की बही देखने - जब देखते देखते उस में किसी का देना पाना नठहरा तब घबराके जंगल में ढूंढने चला ॰ कितनी ऐक दूर जाय देखे तो ऐक शेर लेटा हूआ है और इस के भाई का हाड़ चाम आगे पड़ा है ॰ यिह देखते ही बोला सुन तो ऊत के ऊत न तेरा म्हारे खाते में नाम न रोज़नामः में - तू ने मेरे भाई को किस हिसाब से मार खाया - वुह हूंकर के घुरका तब बनियां यिह कह रोता पीटता फिर आया कि हां इस

हिसाब से खाया तो ठीक है

नक़ल ६३

एक रोज़ अपने गांव से निकले ब्राह्मन राजपूत बनियां और नाई और किसी किसान के खेत पर जा लगे गन्ने उखाड़ उखाड़ फांदिया बांधने और चूसने ❁ उस खेतवाले ने देखा और अपने जी में बिचारा कि ये चार और मैं अकेला जो कुछ कहूं तो ये मुझे बिन ठोंके न रहेंगे - इस से कुछ हिकमत किया चाहिये ❁ यिह बात दिल में ठान वुह उन के पास जा राम राम कर बोला कि सुनो साहिब ब्राह्मन हमारा गुरू - राजपूत भाई बनियां महाजन - तीन आदमी के गांडे खाने का तो कुछ मुज़ायक़ः नहीं - भला इस नाई ने क्या समझके मेरे खेत में हाथ डाला इस का तुम्हीं न्याव करो ❁ यिह बात सुनकर वे चुप हो रहे तब इस ने नाई से गन्ने छीन लिये और उसे जुतिया कर निकाल दिया - फिर किसान कहने लगा कि सुनो भाई

ब्राह्मन गुरू तुम भाई हमारा तुम्हारा माल एक है - इस बनिये ने क्या बूझके मेरा खेत उजाड़ा - भला इस का तुम्हीं इनसाफ़ करो जो तुम हम इस के यहां से रुपये लेंगे तो क्या यिह अपना सूद छोड़ देगा ॐ इस बात को भी सुन वे कुछ न बोले तद तो इस ने उसे भी घोलिया के गांडे छीन निकाल दिया ॐ ग़रज़ इसी तरह से उस ने हर एक को निकाला और अपना माल बचाया ॐ इस बात को सुन तअ़ज्जुब कर एक शख़्स ने अपने दोस्त से कहा यिह क्या ग़ज़ब है कि यार चार भी पर एक शख़्स ग़ालिब रहे- उस ने पूछा यिह क्या बात है मुझे समझाके कहो उसने उन का माजरा कह सुनाया तब उस का आशना बोला क्या तुम ने यिह मसल नहीं सुनी जो इतना तअ़ज्जुब करते हो कि जुग फूटा और नर्द मारी गई

नक़्ल ६४

किसी राजा के यहां बिकट ख़ां नाम कलावंत

ब सबब गाने बजाने के बहुत पेश हूआ - आठ पहर उस की मुसाहबत में रहे ॐ ऐक दिन उस राजा पर कोई ग़नीम चढ़ आया तो उसने भी लड़ने की तैयारी की और अपने रफ़ीक़ों को हथियार घोड़े बांटे - उस वक़्त बिकटय्यां से राजा ने कहा कि तुम भी सिलह ख़ाने से हथियार और इस्तबल से घोड़ा अपनी पसन्द मुवाफ़िक़ ले लो कल तुम्हें भी हमारे साथ लड़ने को चलना होगा ॐ इस बात के सुनतेही उस की जान तो सूख गई पर मारे शरम के बहुत ख़ूब कह घोड़ा और हथियार पसन्द कर किसी बहाने से वुह अपने घर आया और जोरू से कहने लगा कि इस शहर से अभी भाग चलो नहीं तो राजा के साथ कल मरने को जाना होगा ॐ उस की जोरू अक़्लमन्द थी बोली जो लड़ाई में जाता है सो बेअजल नहीं मरता - यिह कह उस ने चक्की में चने दल कर दिखाए और कहा कि देख जिस तरह इस

में दाने साबित नहगये ऐसे लड़ाई में भी लोग बच नहीं हैं - बोला जो पिस गया सो मैं हूं ॐ इस कम हिम्मती को देख उस की औरत हंहला कर बोली कि सुन जो तू ऐसे खावन्द से नमक हरामीकर उस का साथ छोड़ेगा तो मैं भी तेरासाथ न दूंगी ॐ यिह सुन शरमा लो जवाब हो राजा के पास भेनही जा हाज़िर हूआ और हथियार लगा घोड़े पर सवार हो उन के साथ हो लिया - जिस वक़्त मैदान में दोनों दल तुलकर लड़ने को तैयार हूऐ और लगा मारू बजने और गोली गोला बान दोनों ओर से चलने और इस का घोड़ा भड़कने तिस वक़्त बिकटख़ां ने तो मारे डर के राजा से अर्ज़ की कि महाराज हों गिरतुहों - पर राजा समझा कि यिह कहता है मैं हरीफ़ की फ़ौज पै गिरूं - बोले ऐसा काम भी न कीजो तुम मेरे हाथी के साथ अपना घोड़ा रक्खो - दो तीन दफ़अ राजा से उस ने कहा और राजा ने

यही जवाब दिया - निदान घोड़ा उसे हनीफ़ के गोल में ले ही गया ॰ तब बिकट ख़ां ने कमर से दुपट्टा खोल फिराया - इस से उस राजा के लोग लड़ने से बाज़ रहे और इस के पास आए - कहा तू क्या पैग़ाम लाया है - बोला मुझे घोड़े से उतारो तो कुछ अर्ज़ करूं ॰ उन्हों ने इसे घोड़े से उतारा तब यिह बोला कि तुम किस लिये लड़ते हो जिस तरह की मुआमलत चाहोगे सो हमारा राजा क़बूल करेगा ॰ उस ने कहा कि दस लाख रुपये दे और अपनी बेटी हमारे बेटे को ब्याह दे यही हम चाहते हैं - वुह बोला यिह बात हमारे राजा को क़बूल है मैं इस का जवाब कल दे जाऊंगा तुम ख़ातिर जमअ़ रक्खो ॰ इस बात के सुनते ही ख़ुश हो उस राजा ने इसे एक भारी ख़िलअ़त और बहुत से रुपये दे रुख़सत किया और लड़ाई मौक़ूफ़ की ॰ दूसरे दिन भोरही यिह राजा जब चढ़ खड़ा हूआ तब उस राजा

ने कहला भेजा कि कलतो तुम्हारा वकील तुम्हारी तरफ़ से दस लाख रुपये और बेटी देनी क़बूल कर गया है अब क्यों लड़ने को तैयार हुए हो - सुनते ही राजा ने फ़रमाया कि देखो कौन आदमी हमारी तरफ़ से वहां जाकर यिह बात कह आया है - उसे मेरे पास लाओ ॰ ग़रज़ तह़क़ीक़ करके लोग बिकटय्यां को हाथों हाथ राजा के सोंही लेगए तब किसी मुसाहिब ने उससे पूछा कि तू किस के हुक्म से दस लाख रुपये और लड़की देने का इक़रार कर आया - बोला इसे हुक्म क्या चाहिये जो इस घोड़े पर चढ़ेगा सो इक़रारही कर आवेगा ॰ इस बात के सुनतेही राजा ने ख़फ़ा हो उसे निकाल दिया और बड़ा अफ़सोस किया ॰ इस में कोई मुसाहिब बोल उठा कि महाराज आप ने जो इतना अफ़सोस किया सो क्या यिह मसल नहीं सुनी

कि जिस का काम तिसी को छाजे

चोर करे तो ठेंगा बाजै

नक़्ल ६५

एक शख़्स की भैंस मर गई वुह लगा रोने ः इस में उस के एक पड़ोसी ने आकर पूछा कि भाई तुम क्यों रोते हो - बोला मेरी भैंस मर गई जो सारे कुनबे की परवरिश करती थी - यिह बोला भाई सबर करो हमें तुम्हें काले धन से लहना नहीं उस ने पूछा तुम्हारा क्या नुक़सान हूआ - जवाब दिया मेरे भी पकाने की हांडी फूट गई ः इस बात के सुनते ही वुह ग़रीब हंसकर बोला कि हां भाई सच कहते हो

नक़्ल ६६

एक रोज़ तुलसी दास गुशाईं बनारस में किसी मकान पर बैठे थे कि एक मूच्छड़ फ़क़ीर ने आके सुवाल किया - अलख - इस के जवाब में तुलसी दास ने यिह दोहा कह सुनाया

हमें लख हमार लख हम हमार के बीच

तुलसी अलखै कहा लखै राम नाम भज नीच

इस दोहे को सुन वुह मारे शरम के लाजवाब हो चुपचाप चला गया

नक़ल ६७

किसी शहर के आमिल का बाप मरगया - वुह उस के ग़म में बहुत दिलगीर बैठाथा - शहर के सब आदमी क्या दुनियादार क्या फ़क़ीर हिंदू मुसलमान मिलकर उस के यहां मातमपुरसी को गए और बैठ कर चले आए पर चार शख़्स उस की बेक़रारी देख उन में से बैठे रहे - बेनवा बैरागी - सन्यासी और जोगी और हर एक अप ने अपने तौर की मसल कह चला आया ∴ बेनवा ने यिह मसल कही दोस्त

दौर दुनिया का दम बदम को जे

किसकी शादी औ किस का ग़म की जे

बैरागी ने यिह

साधो या संसार में सभी बटाऊ लोग

का कौ करैं मनावनौ का कौ कीजै सोग

सन्यासी ने यिह

आये हैं सो जांयगे राजा रंक फ़कीर

ऐक सिंहासन चढ़ चले दूजे बांधे जात ज़ंजीर

जोगी ने यिह - जोगी था सो उठगया आसन

रही भभूत

नक़्ल ६८

शाहजहां बादशाह के यहां कई ऐक पोस्तियों ने

मिलकर किसी के कहे सुने से अर्ज़ी दी कि पीर

मुरशिद आप के अमल में हम भूखे मरते हैं

और सब चैन करते हैं - हुजूर से खाने रहने की

जगह हो जाय तो हमारी जान बचे ॰ अर्ज़ी के

पढ़तेही शाह ने वज़ीर से कहा कि पोस्तियों के

खाने रहने का बन्दोबस्त अभी कर दो ताकि ये

बिचारे किसी बात का दुख न पावें ॰ हुक्म होतेही

पोस्तीखान: बनवा वज़ीर ने तमाम शहर के पोस्ति

यों को वहां रहने को जगह दे उन का दरमाह:

कर दिया ॥ यिह ख़बर सुन सारे शहर के सुस्त कमयोर काहिल बे मिह़नत के रुपये लेने के लालच से वहां आय आय पोस्तियों में नाम लिखाय लिखाय रहने लगे ॥ ग़रज़ ऐक साल के अरसे में कई हज़ार पोस्ती शुमार किये गये - तब पोस्ती खाने के दारोग़ः ने वज़ीर से जा कहा कि ख़ुदावन्द जो इसी तरह से दरमाहा मिले जायगा तो मअ़लूम होता है कि कई बरस में सारा शहर पोस्ती होजायगा ऐक ही बरस में कई हज़ार जमअ़ हूऐ हैं ॥ वज़ीर ने जा बादशाह को ख़बर पहुंचाई - शाह ने फ़रमाया कि इसे तजवीज़ कर के देखो जो असल पोस्ती है उसे रहने दो और जो नक़ली दी है उसे निकाल दो ॥ यिह हुक्म होतेही वज़ीर ने घर आय सब की दअ़वत की और बहुतसा पोस्त पिलाया जब ख़ूब नशे में हूऐ तब उन्हें खाने को मिठाई दी और यिह कहा कि जो कोई खाने के वक़्त बदन में हाथ नलगावेगा सो हज़ार रुपये पावेगा और

अपना बदन खुजलावे सो नहीं ॥ गरज़ मिठाई खाते खाते उन के बदन में खुजलाहट हुई तब तब़ तीरियों ने तो मारे लोभ के न खुजलाया पर असल पोस्ती यिह कह खुजलाने लगे कि इस एक एक घिस्से पर हज़ार हज़ार रुपये सदके हैं ॥ वज़ीर ने उसी दिन न खुजलानेवालों को ज़याबदिया और खुजलानेवालों का दरमाहा दून किया।

नक़्ल ६९

एक कड़ोड़पती बड़ा बखील था - उस के घर में कुछ शादी आई तो उस ने अपने बावरचीं और बकावलों को बुलाकर कहा कि एक सेर की सोलह रोटी पकाओ और दोके आगे एक रखो - इस में खावे सो खावे बचे सो बांध लेजावे हरगाह किसी को मयस्सर न करो ॥ वे बोले बहुत खूब ॥ यिह बात सुन कर कोई उन का आशना बोला कि भाई साहिब यिह शादी या लूटा लूट - जवाब दिय

बंदऐ दरगाह जब करते हैं तब लूटा लूट ही करते हैं - तुमने यिह मसल नहीं सुनी - क्या ले गये शेरशाह क्या लेगये सलीम शाह दुनिया में सखी और शूम का नाम ही रहजाता है

नक़्ल ७०

मुफ़्त बिराने माल के खानेवाले दिल्ली के बांके मशहूर हैं ❋ एक दिन कोई बांका किसी हलवाई की दुकान के सोंहीं जा खड़ा हूआ और लगा उस की मिठाई की तरफ़ आंख फाड़ फाड़ देखने ❋ वुह बोला देखते क्या हो साहिब - इस ने एक मिठाई की तरफ़ इशारः करके पूछा यिह क्या है ❋ उस ने कहा खाजा - इतनी बात के सुनते ही यिह हट थाल उठा उस की सब मिठाई खागया और लगा कुछ नक़द मांगने और कहने कि मैंने तेरा हुक्म बजा दिया - इस का मिहनताना मुझे दे ❋ निदान धमका धमका के उस ने एक रुपया लेही के छोड़ा तब कई एक आदमियों ने आके हलवाई

से पूछा कि मियां यिह क्या मुआमलः था कह तो सही - बोला साहिब कहूं क्या अपना सिर यिह वही मसल है जो कानों सुन्ते थे सो आंखों देखो कि उलटा चोर कुतवाले डांडे

नक़्ल ७१

ऐक गुसांइं अपने चेले को साथ ले किसी शहर से तीरथ करने को निकला और चला चला ऐक गांव में पहुंचा - तब उस ने चेले के हाथ बाज़ार से कुछ खाने पीने का सरंजाम मंगवाया ः चेला जो बाज़ार में जाके देखे तो सब जिन्स ऐक ही भाव है - वुह मारे खुशी के घी चीनी और मैदा लेआ या और मलीदा बना जल्दी से गुरू के आगे ला रख्खा ः गुरू ने पूछा बाबा आज क्या है जो तू ने चूरमा बनाया - बोला महाराज यहां सब चीज़ ऐक ही भाव है - इस लिये मैं ने मलीदाही किया- यिह सुन गुसांईं ने चेले से पूछा इस गांव का नाम क्या है - बोला हरिभूम पुर - कहा यहां से

अभी चलोनहीं तो क्याजानिये किस बला में पड़ें-चेले ने जवाब दिया मैं तो इस शहर से नजाऊंगा आप का जी चाहे तो तीरथ यात्रा कर आइये ः निदान गुसांई अकेला गया और चेला वहां रहा ः बरस एक में वुह खापीकर ऐसा मोटा हुआ कि पहचाना नजाता था ः एक रोज़ कोई चोर चोरी करते पकड़ा गया - राजा के यहां से उसे सूलीदेनेका हुक्म हुआ ः कुतवाल उस चोर को सूली के पास लेजा कर क्या देखता है कि चोर दुबला और सूली मोटी है - यिह खबर राजा से जा कही - राजा ने फरमाया कि किसी मोटे को पकड़ कर सूली दो और चोर को छोड़ दो ः राजा का हुक्म होतेही कुतवाल उस गुसांई के चेले को सब से मोटा देख पकड़ कर सूली के पास लेगया और चाहे कि उसे सूली पर च ढ़ावे कि इस में ख़ुदा का चाहा वुह गुसांई भी वहां आ पहुंचा और अपने चेले को सूली देते

देख बोला ओ बाबा कुतवाल तू इसे सूली नदे -
इसके बदल मुझे दे ः कुतवाल ने पूछा क्यों - गु
साँई ने कहा इस सूली पर जो चढ़ेगा सो स्वर्ग
का राजा होगा - इसी दिनके लिये मैं बारह बरस
की उमर से जोगकमाता था सो दिन भगवान ने
आज दिखाया औरमेरा मनोरथ पूरा किया ः
कुतवाल बोला तुझे क्या सूली दूंगा मैं हीं इस
सूली पर चढूंगा - कुतवाल के सूली चढ़ने की
ख़बर पाकर सूबः ने कहा तू नचढ़ मैं चढूंगा -
सूबः की ख़बर पाकर दीवान ने कहा मैं चढूंगा ः
आख़िर इसी तरह बहसा बहसी करते वहां का
राजा ही सूली पर चढ़ मरा तब उस गुसांईं ने
चेले से कहा क्यों मैं तुझे न कहता था कि यहां न
रह अबभी रहेगा - बोला महाराज मेरी वही
मसल है कि भूले बनिये भेड़ खाईं फेर खाय तो
राम दुहाई ः यिह कह वुह उसी वक़्त गुरू के
साथ वहां से निकल खड़ाहूआ

नक़्ल ७२

ऐक सिपाही लिख्या पढ़ा दुनियादारी के कारों बा
र से ख़फ़ा होकर फ़क़ीर हो गया और लगा
मुल्क बमुल्क फिरने ॰ किसी शहर के दरवाज़े की
ऊपरली चौखट में कुछ लिख्या था सो लगा बांचने
इस में उस ने ऐक कोने में लिख्या देख्या कि हिम्मति
मरदां मददि ख़ुदा - इस इबारत को पड़तेही
ख़फ़ा हो बोला कि जिस शहर के दरवाज़े पर
यिह झूठ लिख्या है उस के अन्दर न जानिये क्या
कुछ होगा ॰ यिह कह शहर में न जा उलटा
फिरा और कितनी ऐक दूर जा आपही आप
सोचा कि मैं ने बिना आज़माऐ किसी के लिखे को
झूठ कहा यिह बड़ी बेइनसाफ़ी की ॰ इतना
समझ फिर फिरा और यिह इरादः कर बोरि
या बिछा उसी दरवाज़े में जा बैठा कि इस शहर
के बादशाह की बेटी को मैं ब्याहूंगा - इस में उसे
वहां तीन दिन बिन दाना पानी के गुज़रे - दरमि

खान इस के उस ने न किसू से बात कही न कुछ खाया बल्कि शहर के लोगों ने खिलाने पिलानेका बहुत क़सद किया पर इस ने उन्हें कुछ जवाबही न दिया ॥ यिह ख़बर वहां के बादशाह को पहुंची - शाह ने वज़ीर को बुलाकर फ़रमाया कि इस वक़्त तू जाके फ़क़ीर को जो मांगे सो देकर खिला पिला रुख़्सत कर आ ॥ शाह के फ़रमाते ही वज़ीर ने फ़क़ीर से जाके कहा कि शाह साहिब हज़ूर का हुक्म मुझे यों है कि जो फ़क़ीर का सुवाल हो सो पूरा कर आ - जो आप को मतलूब है सो फ़रमाइये बन्दः ला हाज़िर करे ॥ फ़क़ीर ने कहा मैं बादशाह की बेटी से शादी करूंगा तू मुझे ला दे सिवाय इस के मुझे और कुछ नहीं चाहिये ॥ इस बात के सुनतेही वज़ीर लाजवाब हो फिरकर बादशाह के पास पहुंचा - शाह ने कहा क्यों फ़क़ीर को रुख़्सत कर आया - अ़र्ज़ की जहां पनाह जो फ़क़ीर ने बात कही है तक़सीर मुआफ़

मुनासिब ज़बानपर नहीं ला सकता - हज़रत ने फ़रमाया कि लिख कर दे - इस ने उन के फ़रमाने से उस का सुवाल लिख कर गुज़राना - शाह ने सोच समझके कहा कि कुछ मुज़ायक़ः नहीं उस से कहो सवा सेर अन बींधे मोती लेआ तेरी शादी शाहज़ादी से होगी - बादशाहों के यहां यिह रस्म है कि सवासेर अनबींधे मोतियों से शाहर दुलहन की गोद भरे ॰ वज़ीर ने फिर जा फ़क़ीर से बादशाह की कही बात कही - वुह बहुत ख़ूब कह बोरिया बधना बांध मोती लेने समंदर की तरफ़ गया और वज़ीर शाह के पास आया - उस वक़्त शाह ने फ़रमाया कि जो वुह फ़क़ीर साहिबि कमाल होगा तो मोती लावेगा नहीं आप ही चला जावेगा और जो साहिबि करामात है तो उसे बेटी देने में हमें कुछ नंग नहीं क्यों कि जिस का मतलब: हम से अटला है - वुह जिसे चाहे बात की बात में बादशाहत बख़्श दे ॰ अलकिस्सः

वुह फ़क़ीर समन्दर के किनारे पहुंच कमर बांध बधना हाथ में ले लगा पानी उलीचने - जब दिन रात उलीचते उलीचते उसे चौबीस पहर गुज़रे तब समंदर ने आदमी की सूरत बन आन के पूछा कि फ़क़ीर तू क्यों दरया का पानी निकाल निकाल फेंकता है - बोला पानी उलीच के सवा सेर मोती लूंगा - जवाब दिया तुझे सवा सेर मोती मिलें तब तो पानी न उलीचेगा - कहा नहीं - बोला आंख मूंद मैं तुझे मोती देता हूं इस ने आंख बंद की उस ने बहुतही बड़े बड़े सवा सेर कोरे मोती ला इसके हाथ दिये - यिह ले दुआ दे फिर उसी दरवाज़े में आ बैठा - बादशाह को ख़बर हुई - शाह ने वज़ीर को भेज उसे हुज़ूर में बुलवाया और तअ़ज़ीम तवाज़ुअ़ कर मसनद पर बिठाया ॥ ग़रज़ जब शाहज़ादी को ला उस के सांहीं खड़ा किया तब फ़क़ीर ने मोती की पोटली झोली से निकाल इतना कह उस के हाथ दी कि मैना ले

इस बात के सुनतेही बादशाह ने दांतों में उंगली दे कहा - शाह साहिब तुम ने क्या कहा - बोला बाबा सच कहा - फिर बादशाह ने पूछा कि तुम्हारा सुवाल क्या था - जवाब दिया बाबा सुवाल जवाब कुछ न था फ़क़ीर को एक बात का इम्तिहान करना मनज़ूर था सो किया - तेरे शहर के दरवाज़े पर लिखा है कि हिम्मति मरदां मददि ख़ुदा सो फ़क़ीर के गुमान में झूठ आया था सो नहीं किसी ने सच लिखा है ॰ इतना कह फ़क़ीर वहां से रवानः हूआ

नक़्ल ७३

एक कायथ ने गाने बजाने की सुहबत में किसी गवैये से यिह शिअ़्र सुना - इश्क़ क्या शै है किसी कामिल से पूछा चाहिये - तभी से वुह साहिबि कमाल की तलाश में था कि एक गुसांईं इसे मिला इसने दंडवत कर उस से पूछा कि महाराज इश्क़ क्या शै है मुझे दया कर बताइये ॰ इस की बात

सुन उस ने कहा बाबा मैं ने तो अपने गुरु देव के मुख से यों सुना है

इश्क़ उसी की झलक है जों सूरज की धूप
जहां इश्क़ तहां आप है क़ादिर नादिर रूप

नक़्ल ७४

एक दिन आलमगीर बादशाह को किसी ने अरज़ी दी कि जहांपनाह आप की बादशाहत में दल्लाल दिन धौले बीच बाज़ार के रऐयत को लूटते हैं - माल किसी का ले कोई वे दरमियान दो आने रुपया लेते हैं ॰ अरज़ी के पढ़ते ही बादशाह ने सारे शहर के दल्लालों को पकड़वा मंगवाया और पूछा कि तुम किस बात की कौड़ी खातेहो - अर्ज़ की कि जहांपनाह बाज़ार में कोई चीज़ आवे पहले हम उस का मोल तोल कर देतेहैं तब ख़रीदार लेते हैं - इसी बात की कमाई खाते हैं ॰ शाह ने फ़रमाया हमारा मोल तोल कर दो तो तो ख़ैर नहीं तो सब को शहर से निकाल दूंगा ॰ इतनी

बात के सुनतेही उन में जो सोधनी था सो बांट कांटा ले आगे बढ़ बैठा और लगा इधर उधर निकती में बांट डाल तोल ने - इस में कुछ देर जो हुई तो बादशाह ने कहा कहता क्यों नहीं घड़ी घड़ी तोलता क्या है - उस ने हाथ बांध खड़े हो जवाब दिया कि पीर मुर्शिद आप तोल में तो जितने सब आदमी हैं तितनेहीं हो पर माेल मैं नहीं कहसकता क्यों कि एक रत्ती मुझे नहीं मिलती जो रत्ती हाथ लगती तो वुह भी कहदेता ॐ इस लतीफ़े के सुनते ही बादशाह ने उन सब को पान दे यिह कह छोड़ दिया कि दल्लाली खाना तुम्हा रा हक़ है शौक़ से खाओ और अर्ज़ी देनेवाले को निकाल दिया

नक़्ल ७५

एक मथुरा का चौबे कहीं बैल पर सवार पूरियां खाता चला जाता था - किसी कान्हकुब्ज पंडित ने देखकर तअ़न की राह से पूछा कि चौबे जी तुम

जो चौक में नबैठ बैल पर बैठे पूरियां खाते जाते हो सो इस का प्रमान क्या है - जवाब दिया कि प्रसिद्ध कौं प्रमान कछु नाहीं चाहियतु - बोला सो क्या - उस ने कहा कि चौका याही के मार्ग सों निकसौ है ❁ इस बात के सुनते ही वुह पंडित हंस कर रहगया

नक़्ल ७६

एक सिपाही बड़ा जुवारी था जब जीतता तब मारे खुशी के ऐसा ग़ाफ़िल हो जाता कि कोई उस के पहनने के कपड़े भी उतार लेता तौभी उसे मअ़लूम नहोता - इसी उम्मेद से दस पांच शुहदे हरवक़्त उसके साथ लगे रहते और जब क़ाबू पाते तब उस का माल उड़ाते ❁ एक रोज़ वुह किसी ग़ैर महफ़िल में जुआ खेलने को गया और लगा जीत जीत रुपये अपने आगे से पीछे खिसकाने और उसके साथ के लुकंदरे लगे उड़ाने - इस में किसी ने देखकर एक से कहा कि देखो किसी की कौड़ी

कोई उडावे- दूसरे ने जवाब दिया क्या तुम ने यिह मसल नहीं सुनी जो तअ़ज्जुब करते हो कि

:०: अंधी पीसे कुत्ता खाय :०:

:०: पापी का माल अकारथ जाय :०:

शाह जहां बादशाह ने दीवान ख़ास से ले क़िल़ऽ के सदर दरवाज़े तक एक रस्सा बंधवा दिया था और उस में घंटालिआं गुथवा छोर उस का बीच बाज़ार में डलवा दिया था -इस वास्ते कि जो कोई फ़रयादी आवे सो उस रस्से को खैंचे - घंटालियां बाजें और फ़रयादी की फ़रयाद हुज़ूर में बे वसीले पहुंचे :०: एक रोज़ किसी सक़्क़े का बैल मरे भरी पखाल उस रस्से के पास आन कर खड़ा हूआ - सक़्क़ा किसी के यहां मशक डाल ने गया था बैल ने रस्से से सिर खुजलाया उस के सींग का झटका जो लगा एक बारगी सब घंटालियां बाज उठीं - सुन्ते ही शाह ने फ़रमाया देखो कौन है लोगों ने झट ख़बरदी कि पीरमुर्शिद और तो

कोई नहीं एक बिहिश्ती का बैल है - हुक्म किया कि उसे उसके मालिक समेत लेआओ - लोग फ़ि़ल फ़ौर लेगए - शाह ने फ़रमाया कि इस की पखाल का पानी तोलो कि कितना है - तोल कर अ़र्ज़ की कि जहां पनाह साढ़े पांच मन है - सुनते ही बादशाह ने हुक्म किया कि आज से साढ़े तीन मन पानी से ज़ियादः शहर में कोई पखाल न बनावे ॥ उसी वक़्त मनादी फिरगई - तभी से साढ़े तीन मन पानी से ज़ियादः पखाल नहीं बनती

नक़्ल ७८

दो दिल्ली के बांके बिराने माल के उड़ाने खाने वाले किसी मकान से यिह मनसूबः करके उठे कि आज बाज़ार में चलकर बिन कौड़ी पैसे मुफ़्त की मिठाई खाया चाहिये और आगे पीछे हो बाज़ार में पहुंचे ॥ एक तो जाते ही रुपये की मि ठाई तुलवा लगा हलवाई की दूकान पर बैठ खाने

और दूसरे ने उसी हलवाई से आठ आने की
मिठाई और अधेली के टके ले अपनी राह ली ।
हलवाई ने दौड़कर उस का दामन पकड़ा और
कहा मेरा रुपया दो - वुह बोला मैं दे चुका हूं -
इस में दोनों से रद्द बदल होने लगी और बहुत
से लोग जमअ होगए तब उस बांके ने कहा कि मैं
ने एक भले आदमी के देखते इसे रुपया दिया है
न माने चलकर पुछवा दूं - लोगों ने कहा अच्छा
तो कहता है तू दूकान पर क्यों नहीं ले जाता ॥
लोगों के कहे सुने से हलवाई ने दूकान पर जा
उस मिठाई खानेवाले से पूछा कि मियां साहिब
आप सच कहिये इसने मुझे रुपया कब दिया है -
वुह बोला अबे इन्हों ने तो रुपया मेरे देखते दिया
है पर कहीं मेरा रुपया न भूल जैयो ॥ यिह कह
वे दोनों उसे अहमक़ बना मिठाई खा चले गये
और वुह बिचारा रो हौंसकर बैठरहा

नक़्ल ७९

किसी दिन तुलसीदास गुसांई कितने एक आद मियों के बीच कहीं बैठे ज्ञान चरचा करतेथे - इस में उस राह से किसी की बरात आनिकली - उस के बाजे की आवाज़ सुन सबके मन दुखित हुऐ तब तुलसी दास हंसे - उन को हंसता देख उन में से किसी ने पूछा - महाराज आप क्या देख कर हंसे - जबाबदिया दुनया की भूल देखके - बोला सो क्या - उत्तरदिया

फूले फूले फिरत हैं आज हमारो ब्याह
तुलसी गाय बजाय के देत काठ में पाय

नक़्ल ८०

ऐक बड़ा सौदागर किसी साहिब कमाल फ़क़ीरके यहां जाकर मुरीद हूआ और पीर की ख़िदमत में आठों पहर हाज़िर रहने लगा ॰ ख़ुदा का चाहा छ महीने के अरसे में उस का ऐसा काम बिगड़ा कि खाने पीने को भी कुछ पास नरहा ॰

ऐक रोज़ पीर ने इसे उदास देख कहा कि बाबा क्या तूने यिह मसल भी नहीं सुनी जो इतना फ़िक्र करता है -

अलहदाद करता की बातें क्या नकरता क्या नकरे हाथी मार गढ़ै में डारे अदना के सिर छत्र धरे रीते भरे भरे दुलकावे मिहर करे तो फेर भरे

नक़्ल ८१

ऐक रोज़ अकबर बादशाह के रूबरू किसी मुग़ल ने अज़ राहि ज़राफ़त राजा टोडरमल से पूछा कि राजा साहिब तुम्हारे यहां मल लफ़्ज़ के क्या मअ़ने हैं - वोहीं समझ कर राजा ने जवाब दिया कि मिरज़ा साहिब जो लफ़्ज़ बेग के मअ़ने हैं - सोई मल के हैं ॥ इतनी बातके सुनते ही वुह मुग़ल बहुत शरमिन्दः हूआ ॥ ख़ुलासः इस का यिह है कि संस्कृत में ये दोनों नाम गूही के हैं

नक़्ल ८२

किसी मकान पर कोई मुल्ला बैठा लड़के पढ़ाता था

कि एक लड़के के बाप ने आकर उसे उलहना दिया - मियां साहिब मेरे बेटे को आप न कुछ न तरबियत किया देखो अबतक छोकरों के साथ वुह खेलता फिरता है और मेरा कहा नहीं मानता ॥ इतनी बात के सुन्ते ही मियांजी ख़फ़ा होकर बोला कि हां साहिब नेकी बरबाद गुनह लाज़िम मैं ने एक बरस मिहनत मशक़्क़त कर लिखा पढ़ा गधे से आदमी बनाया और तुम ने यिह बात कही अब मुझे तुम से कुछ लेने पाने की उमेद बाक़ी न रही ॥ यिह यास का कलिमः सुनकर लड़के का बाप तो मियांजी को बहुतसी तसल्ली देके चला गया पर एक धोबी और धोबिन बड़े दौलत मंद जिन्हों ने मियांजी की ज़बानी यिह बात रस्ते में खड़े हो के सुनी थी कि मैं ने तुम्हारे लड़के को बरस दिन में लिखा पढ़ा गधे से आदमी किया - वे दोनों जोरू ख़सम आ मौजूद हुए और हाथ जोड़ कर बोले कि मियांजी साहिब जितने रुपये

आहिये लीजे और मेरे भी गधे को आदमी बना दीजे ॐ मुल्ला ने उन दोनों की बात सुन के दिल में बिचारा कि ये हिये के अंधे मत के हीने गांठ के पूरे मेरी किसमत से आन मिले हैं - इन से रुपये क्यों नहीं लेता - यिह समझ इस ने उन से कहा हज़ार रुपये दो और गधे को बांध जाओ - एक बरस बअ़द आकर लेजाइयो ॐ इस बात के सुन्ते ही वे झट तोड़ा दे गधा बांध गये और एक बरस बअ़द फिर आन मौजूद हूऐ - उन को देखते ही मियांजी ने कहा कि दो दिन पहले आते तो उसे पाते अब तो वुह जाके जौनपुर का क़ाज़ी हूआ ॐ उन्हों ने पूछा कि अब हम उसे क्योंकर पावें मियांजी ने कहा कि तुम उस के बांधने की रस्सी और दाना खाने का तंदेला ले जाके सोंहीं खड़े हो दिखलाओ जब वुह पहचान के तुम्हें पास बुलावे तब तुम निराले लेजाके सब अहवाल कहियो - अपना अहवाल सुनकर वुह

तुम्हें बहुतेरा डरावेगा पर तुम न डरियो और कहियो कि जो तुम हमारी बात न मानों तो चल कर मियांजी से पूछलो ॰ गरज़ वे दोनों जाम पर गये और उसी तरह करने लगे तब क़ाज़ी ने इन दोनों को पास बुलाकर पूछा कि तुम यिह क्या करते हो - बोले निराले चलो तो इस का अहवाल कहें ॰ क़ाज़ी उन्हें निराले लेगया फिर इन्हों ने सब अहवाल कह सुनाया - क़ाज़ी ने दरयाफ़्त किया कि किसी शख़्स ने इन्हें बहकाया है इस से इन की बात बिन क़बूल किये किसी तरह मेरा पीछा नछोड़ेंगे - यों समझ क़ाज़ी ने कहा जो तुम ने कहा सो सब सच पर अब तुम हम से क्या चाहते हो - ये बोले हम बे औलाद हैं हमारे माल असबाल के वारिस होके मरने से मिट्टी दीजो यही हम चाहते हैं ॰ आख़िर माने शरमके क़ाज़ी ने उन की बात क़बूल की इस लिये कि कोई और नसुने

नक़्ल ८३

ऐक क्षत्री दुनिया से बेज़ार होके किसी नानक पंथी फ़क़ीर का जाके चेला हूआ ः तिसने ऐक दिन पीछे ऐक रोज़ उस ने गुरू से कहा कि महाराज मेरा जी चाहता है जो आप की आज्ञा पाऊं तो पृथ्वी प्रदक्षिना कर आऊं - गुरू ने कहा बहुत अच्छा ः इतनी बातके सुनते ही वुह दंडवत कर बिदा हूआ और लगा मुल्क ब मुल्क फिरने - जिस मुल्क में गया वहां उस ने हर मुल्क का आदमी देखा तो हैरान हूआ - निदान कितने महीने में फिरकर गुरू के पास आया और तअ़ज्जुब कर पूछा कि महाराज यिह क्या आश्चर्य है जो ऐक मुल्क में आदमी पैदाहोय और दूसरे में जा कर बसे - गुरू बोला कि बाबा तू जो इतना अचंभा करता है सो क्या तू ने यिह दोहा नहीं सुना

कित काशी कित काशमीर कित ख़ुरासान गुजरात

परसराम या जीव की परा लबध ले जात

नक़्ल ८४

किसी मकानके बीच पांच सात सिपाही बैठे आपस में डींग मार रहे थे - कोई कहता था मैं ने चार घाव खाये और कोई कहता था पांच ॐ ग़रज़ हर एक ने अपने अपने लड़ने और ज़ख़्म खाने का अह्वाल बयान किया ॐ एक बूढ़ा ठठोल उनके पास बैठा था बोला कि मियां जवानी में हम भी सैकड़ों लड़ाइयां लड़े और हम ने भी हज़ारों ज़ख़्म खाये ऐसे किकहीं बदन पर तिल धरने की जगह बाक़ी नहींरही - हमारे आगे अब कोई क्या लड़ेगा और क्या ज़ख़्म खायगा ॐ इतनी बात के सुनते ही उन में से एक जवान ख़फ़ा हो कर बोला - बड़े मियां कपड़े तो उतारो देखें तुम ने कहां कहां घाव खाये हैं ॐ वुह हंसके बोला मियां गबरू न वुह ज़माना रहा न वे दिन रहे न वुह जवानी रही न वुह तैयारी रही न वुह जिस्मही

रहा अब क्या देखोगे - इतना कह चंपत हुआ

नक़्ल ८५

किसी मुनशी के पास एक बाहरे का सैयद नौकर हुआ - एक रोज़ उस का ख़िदमतगार हाज़िर न था - उस ने इस से कहा कि आज मेरा आदमी हाज़िर नहीं है तुम मेरे साथ दरबार चलो - कहा बहुत ख़ूब - इस ने उसे चार पैसे देके कहा कि सारे दिन दरबार में रहना होगा तुम इनके पान लेके चार गिलौरी लगवा लाओ जब मैं इशारः करूं तब दो खीली दीजो - मैं आगे जाता हूं तुम लेकर जल्द आओ ॥ यिह कह वुह तो दरबार में जा बैठा और इस ने अपने दिल में बिचारा कि चार पैसे के पान से तो मियां का पेट न भरेगा इससे बिहतर है कि चार पैसे की चार रोटी लेचलूं जो मियां पेट भर खायगा ॥ यिह मन में ठान चार पैसे की चार रोटी ले रूमाल में बांध बगल में दबा मियांके सोंहीं जा

खड़ा हुआ ॰ मुनशी ने इसे देखते ही जों इशा-
रः कर हाथबढ़ाया तों उस ने रूमाल से दो नोटी
खोल उसके हाथ दीं - वुह देखते ही हक्काबक्का
हो लगा इस की तरफ़ देखने - उसके तौर बिगड़े
देख यिह बोला भोंडी तरह दीदे फाड़ फाड़ देखै
से के मैं नहीं खाई - दो और धरी सैं ॰ यिह सुन
वुह शरमिंदः हो अपने दिल में कहने लगा कि
किसी ने सच कहाहै कि अनाड़ी का सौदा बारह
बाट ।

नक़ ८६

एक ज़मींदार के दो बेटे - पर उन दोनों में
हमेशः अनबनाव रहता एक एक को न देखसकता
जब उन का बाप मरगया तब वे दोनों आपस में
लड़ने लगे - निदान बड़े भाई ने छोटे को ज़मीं
दारी से बेदख़ल कर मारके निकाल दिया तब
वुह किसी और बड़े ज़मींदार को अपने बड़े भाई
पर चढ़ा लाया - उस ने आते ही खड़ी सवारी

उसे मार लिया और सारी ज़मींदारी को अपने कब्ज़े में किया - जो मज़ा लाया था विसे कुछ खाने को कर दिया ॥ यिह माजरा देख किसी ने तुल सी दास गुसांईं के आगे जाके कहा कि महाराज दुनया के आराम के लिये और चंद रोज़ की ज़िंद गी के वास्ते उस ने भाई को मरवाया और दीन को दुनया को गंवाया - इस में उस के हाथ क्या आया जब भाई भाई से यिह सुलूक करे तब दूसरे से कोई क्या तवक्कुअ रक्खे ॥ तुलसीदास जी बोले कि इस बात का अचरज मत करो ऐसे और भी ठौर कहा है -

बधिक बध्यौ मृग बानतें रुधरा दियौ बताय
अति हित अन हित हेतु है तुलसी दुरदिन पाय

नक़्ल ८७

एक रोज़ किसी हबशी ने राह में दरपन पड़ा पाया हाथ में ले जों इस ने उस में देखा तो इसे अपने सिहरे का अकस नज़र आया तब लो हौल

घिज़ा.तुब्रतइ ह्नाबिह्नाह पढ़ स्रानसी पर थूक यिह कह फेंक दिया कि जब ऐसा बुरा मुंह है तभी कोई रस्ते में डाल गया है

नक्ल ८८

अकबर बादशाह के रूबरू ऐक रोज़ मियां तान सेन ने सूरदास का यिह बिसनपद गाया -

जसुदा बार बार यिह भाखै - है कोई ब्रज में हितू हमारो चलत गुपालहि राखै ॰ शाह ने इस के मअ़ने पूछे - मियां ने कहा जसुदा घड़ी घड़ी यिह कहे है - है कोई ब्रज में दोस्त हमारा जो चलते हूऐ गुपाल को रक्खे ॰ मियां तो गाय समझाय चले गऐ - इस में आऐ बीरबल - हज़रत ने उन से भी उस का अर्थ पूछा - बीरबल बोले पीर ओ मुरशिद बार कहते हैं दरवाज़े को सो जसुदा दरवाज़ः दरवाज़ः यिह कहती है कि है कोई ब्रज में दोस्त हमारा जो गोपाल को न जाने दे ॰ इतने में राजा टोडरमल आऐ हज़रत ने उन

से भी मअने पूछे - कहा हज़रत सलामत जसुदा
कृष्ण की मा - बार कहते हैं पानी को और दरवाज़े
को सो पानी का दरवाज़ः हूआ घाट - इस से
मअने ये हूऐ कि जसुदा घार घाट यिह कहती
है कि है कोई ब्रज में दोस्त हमारा जो गोपाल
को यलने से बाज़ रखे ः इस दरमियान आऐ
मुल्ला फ़ैज़ी - बादशाहने उनसे भी बिस के मअने
पूछे - जवाब दिया जहांपनाह सलामत बार ब
मअनीऐ आब ओ दर - यहां आब से मुराद है
आंसू और दर से मुराद है आंख - इस से
मअने ये निकले कि जसुदा रोकर यिह कहती है
कि है कोई ब्रज में दोस्त हमारा जो गोपाल को
नजाने दे ः इस अरसः में आऐ नव्वाब ख़ान ख़ा
नान - शाह ने उन से भी इस के मअने पूछे
तब नव्वाब ने अर्ज़ की कि क़िबलऐ आलम इस
बिसनपद के मअने किसी और ने भी कहे हैं ः
इस बात के सुन्ने ही जिस जिस ने जो जो मअने

कहे थे हज़रत ने कह सुनाये तब नव्वाब ने कहा जहां पनाह ये तो उस बिसनपद के मअ़ने नहीं पर हां हर एक ने अपने दिल का ख़्याल बयान किया ॥ शाह ने फ़रमाया सो क्या - बोला यह बियाना कलावंत जैसे एक नाम तान लफ़्ज़ को घड़ी घड़ी कहता है इस के दिल में यही ख़्याल बंधा कि जसुदा भी घड़ी घड़ी कहती है और बीरबल ज़ात का ब्राह्मन दर दर का फिरनेवाला उस के भी दिल में यही ख़्याल बंधा कि जसुदा दर दर कहती है और टोडरमल मुतसद्दी उस के ख़्याल ने यही बन्दिश बांधी कि जसुदा घाट घाट कहती है और फ़ैज़ी शाइर उसे सिवाय रोने के और मज़मून नसूझा - इस से उस के ख़्याल में आया कि जसुदा रोरो कहती है ॥ यिह बात सुनकर शाह ने फ़रमाया कि भला अब तुम कहो उस के क्या मअ़ने हैं - अ़र्ज़ की कि जहांपनाह बार कहते हैं बाल को सो जसुदा का

बोल बोल यिह कहता है कि है कोई ब्रज में दोस्त हमारा जो गोपाल का चलना मौकूफ़ करे ॥ म ज़नः के सुन्तेही शाह ने ख़ुश हो सब की दाद दी और दस्तूर ज़बान ब्रज की निहायत तारीफ़ की

नक़्ल

किसी राजा की सभा में एक कवि जाके चुप चाप बैठरहा - इस में कोई राजसभा में से बोला कि राज क्या है जो कविजी तुम मौनगहे बैठे हो ॥ इसने उस की बात का उत्तर तो नदिया पर यिह दोहा पढ़ा

अतिका भला न बरसना अतिकी भली नधुप्प

अतिका भला न बोलना अतिकी भली नचुप्प

इस के सुन्ते ही उस ने भी इस दोहे को पढ़ सुनाया

कौन चहै है बरसना कौन चहै है धुप्प

कौन चहै है बोलना कौन चहै है चुप्प

फिर कवि ने यिह दोहा कह सुनाया

माखी आहै बनसना घोबी याहै धुप
साह जो याहै बे.जना चोर जो याहै सुप

नक़ल ९०

कोई कायथ हमेशः अपने बेटे को समझाता और यिह कहता कि बाबा जान दुनिया बुरी जगह है - कर तो डर न कर तोभी डर - उस का बेटा सुन कर यिह जवाब देता लालाजी बुरी बुरेके वास्ते है - कर तो डर नकर तो न डर ॥ गरज़ जब तब उन दोनों में यही गुफ़्तगू होती ॥ एक रोज़ उस ने अपना एक घोड़ा सवारी को मंगवाया कि जिस पर कभी सवार न हूआ था और खिला पिला के खूब तैयार किया था - घोड़े के आते ही बाप ने बेटे से कहा - बाबाजान इस पर तुम सवार हो हम देखें - बेटे ने भी यही कहा - - निदान बहुत सी कहा सुनी के बअ़द उस का बाप ही सवार हूआ और बेटा पीछे पीछे देखता चला - इस में कई एक शख़्सों ने देख कर कहा - देखो

यिह क्या कमबख़्त है कि क़बर में पांव लटका चुका और तो भी इस की हवस नहीं गई - जवान बेटा पीछे जूती चटकाता आता है और आप घोड़े पर चढ़ा जाता है ॰ यिह सुन वुह उतर पड़ा और बेटे को चढ़ा आप पीछे पीछे देखता चला फिर कई आदमी देख के बोले कि देखो यिह क्या नालाइक़ और नाख़लफ़ है जो आप सवार हो बाप को जलेब में दौड़ाता है ॰ यिह सुन आगे बढ़ वे दोनों चढ़ लिए तब कोई बोल उठा कि ये क्या मसख़रे हैं जो एक घोड़े पर दो लद लिये हैं ॰ यों सुन वे दोनों उतर पड़े और साईस ने घोड़ा डुनिया लिया ये पीछे पीछे देखते चले तब इन्हें देख एक ने एक से कहा कि भाई देखो हराम का माल मुफ़्त जाता है और किसी के काम नहीं आता ॰ इस बात के सुनते ही कायथ ने बेटे से कहा क्यों बाबा जान दुनिया की ज़बान से बचने की कोई और तदबीर हो तो करो मुंह से तो अब

कुछ नहीं बन आती - ला जवाब हो बेटा बोला-

लालाजी तुम सच फ़रमाते थे दुनिया बुरी जगह

है - कर तो डर न करे तो भी डर इस का कुछ

इलाज नहीं

नक़्ल ७१

एक शख़्स अपने शहर से तबाह होकर पर शहर

में गया जाते ही वहां उस ने थोड़े से रुपयों से

आढ़त की दूकान की और बहुत सा क़रज़ दाम

करके उस ने अपनी दूकान चमकाई और तिजा

रत बढ़ाई ऐसी कि उस की टक्कर का उस नगर

में कोई दूकानदार न रहा जो किसी बात में उस

का साम्हना करे - क़ज़ाकार पांच चार मुआमलों

के बिलटने में उस का दिवाला निकला और क़ैद

पड़ा - निदान वहां ही मरा दैन से छूट निकल

न सका तब किसी ने इस के बनने और बिगड़ कर

मरने का सब अहवाल जा कर एक महाजन की

महफ़िल में कहा - सुन कर महफ़िल के लोग

उस के हाल पर बहुत अफ़सोस करनेलगे - साहिबि महफ़िल बोला तुम जो इतना अफ़सोस करते हो सो क्या तुमने कभी यिह मसल भी नहीं सुनी कि

संपत थोड़ी खरच घना बैरी में का बास
नदी किनारे रूखड़ा जब तब होय बिनास

इस के सुनते ही एक उन में से बोल उठा हां साहजी सच कहते हो यिह वही कहावत हुई कि ओछी पूंजी खसमें खाय

नक़्ल ९२

एक सौदागर बच्चा अपने बाप दादे की सब दौलत उड़ा पुड़ा मुफ़लिस हो लगा दुखपाने - तब उस के दिल में आया कि बुज़ुर्गों ने सौदागरी करके पैसे जमऽ किये थे - बिहतर है कि मैं भी सौदा गरी करूं ख़ुदा मुझे भी देगा ॰ यिह समझ हवेली बेच यार हलार रुपये ले सौदागरी को निकला तो एक उसके बाप का गुलाम था सो भी साथ हो

लिया और चला चला किसी शहर में पहुंचा ॰ वहां बाज़ार में देखे तो सब तरफ़ सब जिन्स बिकती है और एक और एक शख़्स मसनद बिछाये हुक़्क़ा लगाये बैठा रह रह यिह कहता है कि मैं बात बेचता हूं - जिसे दरकार हो मुह से मोल ले इस ने उस के पास जा हज़ार रुपये दे कहा कि इन की बात हमें दो ॰ उस ने तोड़ा ले कहा - कि जो छोटे से बड़ा हो विसे छोटा कभी नजानिये इस ने कहा और - बोला और रुपये दो और लो ॰ फिर इस ने एक तोड़ा दिया - उस ने कहा - किसी का ऐब देखिये तो उस की परदः पोशी कीजे ॰ फिर इस ने पूछा और वुह बोला और रुपये दो और लो ॰ फिर इस ने हज़ार दिये तब उस ने कहा - भूख लगी हुई होय और कोई खाने की तवा ज़ुअ़ करे तो हज़ार काम छोड़ खाना चाहिये ॰ फिर इस ने पूछा और फिर विस ने रुपये ले कहा - बेक़दर चाकर की

नौकरी कभी न करिये ॐ गरज़ यिह चार हज़ार तुर्की के चार बात से तबाह हो वहां नहा और कज़ाकार वुह ग़ुलाम उस शहर का बादशाह हुआ ॐ एक रोज़ बादशाह तख़्तरवां पर सवार चला जाता था और वुह सौदागर बच्चा साम्हने शिकस्तःहाल नंगे पाओं तीन दिन के फ़ाके से नज़र आया ॐ देखते ही शाह ने फ़रमाया कि इस शख़्स को मेरे नपहुंचते पहुंचते ज़रूर मकान पर लाओ ॐ लोगों ने हाथों हाथ लेजा हाज़िर किया ॐ इस ने आदाब बजाया - तब शाह ने फ़रमाया - तू मुझे जानता है सच कह ॐ बोला जहां पनाह आप नीम ख़ुदा हैं और मुल्क के मालिक ॐ फिर शाह ने दोदफ़ा पूछा और इस ने यही जवाब दिया - तब ख़ुश हो उस ने इसे अपना वज़ीर किया और सब सल्तनत का मुख़्तार ॐ एक रोज़ महल सरा में बादशाह के पीछे पीछे चला जाता था कि इस ने देखा - जो एक

ख़ास ख़वास शहर के कोतवाल को लिये शराब पिये नींद में ग़ाफ़िल पड़ी है ※ इस ने देखते ही कमर से दोशालः खोल उन दोनों पर डाल दिया ※ शाह फिर कर महल में दाख़िल हूए और यिह रुख़सत हो अपने घर आया ※ इस में उन की आंख खुली तो विन्हों ने शाह का आना और वज़ीर का दोशाला उढ़ाना मअ़लूम किया कोतवाल तो वहां से निकल वज़ीर की डिवढ़ी पर जा हाज़िर हूआ और उस बदज़ात ने कपड़े फाड़ - बाल खसोट - ज़मीन में लोट - बादशाह को बुलाके कहा कि वज़ीर की यिह जान जो तुम्हारे रहते मुझ पर हाथ डाले और बेहुरमत करे - अफ़सोस दोशाला मेरे हाथ रहगया और वुह भाग कर निकल गया ※ ख़ुदा की क़सम पकड़ पाती तो बोटियां काट काट खाती ※ यिह कह हाथ काट पछाड़ खा ज़मीन पर गिरी - उस की हालत देख और बात सुन शाह ने ख़फ़ा हो

वज़ीर को बुलाभेजा ॐ जितने वुह आवे तितने एक रुक़अः फ़ौजदार को लिखा कि जोशख़्स रुक़अः लेकर आता है उस का सिर फ़िलफ़ौर काट के भेज दोगे और इस में कुछ देरी हुई तो तुम्हारा सिर नहीं ॐ वज़ीर के आते ही शाह ने रुक़अः दे के फ़रमाया कि तुम्हारा यिह दरजः नहीं जो रुक़अः ले फ़ौजदार के यहां जाओ पर मुझे दूसरे का इअतिबार नहीं - इस लिये तुम्हें भेजता हूं - इस रुक़ऐ का जवाब जल्द लाओ ॐ वुह जों रुक़अः लेके चला तो रास्ते में किसी उम रा ने खाने की तवाज़ुअ की - यिह बोला काम ज़रूर का है और खाना तैयार - मैं क्या करूं ॐ कज़ाकार कोतवाल भी इन के साथ था - बज़ाहिर ख़ुशाम द बोला कि पीर ओ मुरशिद आप खाना नोशिजां फ़रमाइये - तबतक बन्दा रुक़अः का जवाब लादेता है ॐ वज़ीर ने रुक़अः उसके हाथ दिया और आप खाना खाया - जो खाना खाकर उठा

तें ग्यान में कसा उस का सिर आन मौजूद हूआ यिह ले हुजूर में गया ॥ शाह ने इतना कह महल सरा में भेज दिया - कि जिस ने तुहे बेहुरमत किया यिह उस का सिर है ले ॥ वुह देख डर कर चुप हो रही ॥ फिर बादशाह ने सब भेद कहकर वज़ीर से पूछा कि मैं ने तो तेरा सिर काटने को लिखा था - यिह क्या सबब जो कोतवाल का सिर कटा ॥ वज़ीर ने जों का तों सब अहवाल कह सुनाया और रुख़सत मांगी ॥ शाह ने फ़रमाया यिह कभी न होगा कि अब तुम्हें रुख़सत मिले - बोला जहां पनाह आप को याद है - जो मैं ने चार बात ख़रीदी थीं ॥ फ़रमाया मुहे अच्छी तरह याद है ॥ कहा तीन तो आज़माईं और चौथी यिह है कि बेक़दर ख़ाविन्द की नौकरी कभी न करिये - इस से अब आप कुछ न फ़रमाइये बंद: हरगाह न रहेगा ॥ इतना कह वज़ीर रुख़सत हूआ और बादशाह शरमिन्द: हो दम

था नक़्ल

नक़्ल ९३

नामगिनाम साहिब को घोड़ों का बहुत शौक़ था- ऐक नोज़ ऐक अर्बी मोल लिया- इस में मुनशी सदरुद्दीन ने अहनाहि ख़ैरख़्वाही कहा कि इस घोड़े पर पंजाबी साईस रहे तो इस की ख़िदमत बख़ूबी हो ॐ यिह बात सुन साहिब ने इसतबल से साईसों के जमअदार को बुलाकर फ़रमाया कि हमें ऐक पंजाबी साईस लादे और भूल गऐ ॐ बीस पच्चीस दिन बअद ऐक रोज़ साहिब को वुह बात याद आई - उसे बुलवाके पूछा कि साईस मिला या नहीं- वुह बोला ख़ुदावन्द ग़ुलाम ढूंढता है अभी नहीं पाया ॐ यिह बात सुन के मुनशी ने कहा - क्या बदज़ात है ऐक महीने से टालमटाल करता है और साईस नहीं लादेता - बोला पीर ओ मुनशिद बदज़ात के कहे का मैं बुरा नहीं मानता - आप ख़ाविन्द हैं जो

मिज़ाज में आवे सो कहिये - पर ख़्वाविंदों के रूबरू हक़ बात कहने में कुछ ऐब नहीं - तक़सीर मुआफ़ ये मौलवी मुनशी नहोंय जो एक के बुलाने से सौ आन हाज़िर होंय - ये तो साईस हैं महीनों की तलाश में एक आद मिलजाय तो मिल जाय नहीं तो मिलना महाल ❊ यिह सुन साहिब हंसे और उम्मेदवार जो मौलवी मुनशी उस वक़्त हाज़िर थे शरमिन्दः हूए और मुनशी सदरुद्दीन पशेमान हो रमख़्वा रहा

नक़्ल ९४

एक रोज़ दिल्ली के दो कंगाल बांके शाम के वक़्त बाज़ार में गये तो उन्हों ने देख्वा कि एक हलवाई मिठाई का ख़ुनचा मुंहा मुंह भरा आगे धरे बैठा है - ये उस के साम्हने जा खड़े हूए और एक ने एक से कहा कि इसे नज़र नहीं आता - दूसरे ने दो उंगलियां उस की आंख के साम्हने कीं वुह बोला यिह क्या करते हो - इस ने कहा

हम ने जाना था कि तुझे दीसता नहीं और जो दीसता है तो आगे धरी मिठाई किस लिये नहीं खाता - बोला इस के खाने से घर जाता है ॐ इतनी बात के सुनते ही वे उस की सब मिठाई खा यिह कह चले गये कितना घर रहे भला हमाराही घर जायगा और वुह बिचारा अपने कहने से आप शरमिन्दः हो रोकर बैठ रहा

नक़्ल ९५

एक दिन राजा सवाई जैसिंह पंडितों की सभा किये बैठे थे और शास्त्र चर्चा हो रही थी - इस में कुछ ज़िक्र जो आया तो राजा ने सब की तरफ़ मुख़ातिब हो पूछा कि पृथ्वी का मध्य भाग कहां है सो हमें बताओ ॐ इस बात के सुनते ही सब दम खा रहे और किसी से कुछ जवाब न बनिआया तब एक भांड बोल उठा कि धर्मावतार जो आप मेरे साथ चलो तो हीं बताऊं ॐ यिह सुन राजा उठ खड़ा हुआ और बोला कि चलो दिखादो -

वुह भी सभा समेत राजा को लिये किसी मैदान बियाबान में जा कुछ इधर उधर नाप एक जगह बरछीगाड़ बोला कि जहां यिह सेज गड़ी है सोई धरती की बीच है - राजा ने कहा हम कैसे मानें - जवाब दिया - यकीं कहा चाहिये न मानों तो माप लेउ - इस बात को सुन राजा और उसके साथके लोग लाजवाब हो घर आये

नक़्ल ९६

एक रोज़ कोई अफ़ीमी दो घड़ी दिन रहे अफ़ीम का घोला चढ़ा बाज़ार की सैर को निकला तो देखता क्या है कि सौंहीं से भुस और कड़वी से भरे छकड़ों का तांते का तांता चला आता है - उसे देख इतना कह वुह किसी भले आदमी के बंद किवाड़ से भिड़ कर खड़ा हो रहा कि बचा इयो बचाइयो खबरदार धक्का न लगे ॥ इस में पीनक जो आई तो उसे वहीं खड़े खड़े पहर भर गुज़र गया ॥ निदान जब घरवाले ने दरवाज़ः

खोला तब वुह पछाड़ खाके गिरा और बोला कि
इतना कहा बखाइयो बखाइयो पर गिराये बिन
नरहा ॰ किसी ने सच कहा है कि सारवान गाड़ी
वान मानिन्द हैवान हैं

नक़ल ९७

कोई भलामानुस साहिब शऊर ज़माने की गर्दिश
से अपने घर में बैठा फ़ाक़ेकशी कर रहाथा कि
यिह ख़बर सुन उसके किसी दोस्त ने आकर कहा
यिह क्या ग़ज़ब है कि हाथ पाय के काहिली मुंह
में मूंछें जांय- वुह बोला मैं क्या करूं -इस ने कहा
दाना लोगों का क़ौल है कि इनसान पर जब
तबाही पड़े तब सफ़र करे -इसी बात को अमल
में लाओ ॰ ग़रज़ उस ने आशना की बात मान
सफ़रि दूरदराज़ किया और चंद बरस में कई
हज़ार रुपये ले अपने घर आया ॰ इसे आसू
दः हाल देख एक ने एक से कहा कि इस शहर
में तो यिह भूखा मरता था बाहर जा कहांसे

इतनी दौलत लेआया जो मालदार होगया - वुह बोला क्या तुम ने यिह कहावत नहीं सुनी जो इतना तअज्जुब करते हो - पूछा क्या - कहा

पान पदारथ सुघड़ नर अनतोले हि बिकांय ॥
जों जों सरकें दिसावरां मोल महंगे जांय ॥

नक़्ल ९८

दिल्ली में किसी अफ़ीमी के छः लड़केथे - ऐक दिन वुह तीन लड़कों को साथ ले हज़रत क़ुतब के मेले में गया - वहां भीड़ भड़का देख यिह डरकर ऐक लड़के को कांधे पर चढ़ाय - दूसरे को गोदी में ले - तीसरे का हाथ पकड़ अलग हो जो ऐक तरफ़ खड़ा हूआ तो पीनक में आया ॥ पहरऐक बअ़्द मेले में कुछ हुल्लड़ जो हूआ तो वुह पीनक से चौंक कांधे के लड़के को नदेख बहुत घबराया ॥ निदान यों कहता कहता कोतवाल के पास आया कि हाय मेरा लड़का खोया गया - कोतवाल ने पूछा - तुम्हारे के लड़के हैं - बोला छः उन में से

एक खोयाहै ॰ कोतवाल ने सुनके ढंढोरिये को उसके साथ कर दिया - वुह तमाम दिन उसे सारे शहर में लिये फिरा ॰ आख़िर जो हौंस शाम के वक़ जो घर में घसा तो दरवाज़: की चौखट लड़के के सिर में लगी वुह रोया तब यिह बोला ऐ कमबख़्त ना शुदनी - तमाम शहर में ख़राब कर मुझे रुला के जो तू अब रोया पहलेही क्यों न बोला जो मैं इतना ख़राब नहोता ॰ इस बात को सुन किसी उस के आशना ने कहा कि भाई जो मसल हम सुनते थे सो तुम ने सच कर दिखाई कि बग़ल में लड़का और शहर में ढंढोरा

नक़्ल ९९

शहर कलकत्ते के बीच कोई मौलवी साठ सत्तर बरस के सिन में ख़िज़ाब कर रात के वक़ कुटनियां लगाय एक हिंदूस्तानी बीबी का निकाह कर ला या - वुह रात भर तो जवान के धोखे ख़ुश रही पर भोर होतेही इसके चिहरे की झुर्रियां और

बालों की सपेदी हाथ पावों की सख़्ती बातों की कमज़ोरी देख सुन लगी कुटनियों को गालियां देदे सिर पीट पीट बेइख़्तियार पुकार पुकार रोने और इ रादः निकलने का भी किया पर हया और शर्म ने न निकलने दिया - यार नायार दुनिया से बे ज़ार मनमार रहने लगी ॥ एक रोज़ मौलवी साहिब कलप लगाने की तैयारी कर रहे थे कि इस ने दूर से देख असील को पुकार के कहा ऐ मामा ऐ मामा इस बूढ़े ख़बीस से पूछ कि एक दफ़ः: काला मुंह करके तो मुझे दाम में लाया - अब किसे बरबाद करने को रू सियाह करता है - इतनी बात सुन शरमिन्दः: हो मौलवी ने उस दिन से फिर ख़िज़ाब न किया

नक़्ल १००

शाह जहां बादशाह के शहज़ादे दाराशिकोह को इल्मि नजूम से बड़ा शौक़ था - नजूमी और जोतषी हमेशः नौकर रहते एक एक से अदावत रखता

पर शहज़ादे के ख़ौफ़ से कोई किसी का कुछ कर नसकता ॥ एक रोज़ काबूपा नजूमियों ने शहज़ादे को सिखाया कि ख़ुदावंद इन जोतषियों से पूछिये कि भौंचाल कब आवेगा - शहज़ादे ने सब को बुला कर पूछा और कहा कि याती तुम भौंचाल का आना बताओ - नहीं मेरे शहर से निकल जाओ ॥ यिह बात सुन जोतिषियों ने अर्ज़ की कि धर्मावतार आठ दिन में इस का उत्तर देंगे तो भला - नहीं आप का नगर छोड़ देंगे ॥ इतना कह बाहर आ एक मकान पर बैठ ये फ़िक्र करते थे कि किसी गोबे ने इन्हें फ़िक्रमन्द देख पूछा - बाबाजू आज कहा है जो तुम भावित हो रहे हो तिन्हों ने सब माजिरा कह सुनाया तब गोबे बोला तुम मोकों लैचलौ याकौ उत्तर हौं दैउंगौ ॥ इतनी बात इसके मुंह से निकलतेही वे हाथों हाथ गोबे को हुज़ूर में लेगये और कहा कि भौंचाल का अहवाल ये कहेंगे ॥ शहज़ादे ने फ़रमाया अच्छा

कहै ॰ यौवे बोला धर्म मूर्त्ति जा समैं भगवान ने सृष्ट रचवे की इच्छा की ता समैं द्वै मनुष बनाये और ऊपर सौं नीचे नर्क में डार दये - तिन में एक मुंह के बल गिरौ और दूसरौ चूतड़ के - मुंह के बल गिरनवारौ मुसलमान भयौ और दूसरौ हिंदू - एक की दृष्ट नीचे कौं रही और दूसर की ऊपर कौं ॰ याही तें जोतषी आकाश की सब बात जानतु हैं - ग्रहन कौ हौनौं ये बताय देंगे और भौंचाल की बात विनतें पूछौ वे बतावेंगे यौवे की यिह जुगत सुन शहज़ादे ने हंसकर कहा इस की दलील क्या है - बोला याही लिये भोर उठ मुसलमान मुंह धोवतु हैं और हिंदू जंगल जातु हैं - या कौ यही प्रमान है ॰ इस हाज़िर जवाबी और बेबाकी से खुश हो शहज़ादे ने यौवे को इनआम दिया और जोतषियों को बहाल किया

तमाम शुद

गलतनामः

गलत	सहीह	सफ़हः	सतर
जाता हे	जाता है	७	१७
शामस	शामसे	१८	५
कहक	कहके	१९	१२
शामवे	शामको	२२	३
बाज़ञो	बाजुओं	२२	१७
बद्तीनता	बद्नीयती	२३	४
एेकनाज़	एेकनोज़	२४	५
कासेज	कीसेज	२९	१६
हागी	होगी	३१	६
वस्प	वस्फ़	३२	११
तू	तूल	३५	१६
इसमेमैं	इसमेंमैं	३७	१७
गय	गये	४१	१
बलन्दी	बुलन्दी	४१	१६
रलामत	सलामत	५०	१

ग़लत	सहीह	सफ़हः	सतर
वा	का	५०	१०
मुनद्दमः	मुक़द्दमः	५३	१३
प्याडा	प्यड़ा	५४	१०
ककेल	ककेली	५५	७
जागी	जोगी	-	१३
बाघंबन	बाघंबन	-	-
मुद्रा	मुंद्रा	-	१४
हूंहूना	हूंहूला	६६	३
नाजान	नाजाने	६८	१
दिय	दिया	७३	१७
उसनन	उसने	७९	१
वायथ	कायथ	८२	१२
गुनूदेवकमुष्यसे	गुनूदेवकेमुष्यसे	८३	१
वालेवा	वालेको	८४	१२
योवमें	योकेमें	८५	१
मेन	मेने	८८	१४

ग़लत्	सहीह्	सफ़्हः	सतर
आपन	आपने	९१	२
को इे	कोई	९९	१५
काई	कोई	१०४	१७
नक़ञ	नुक़स	११०	१५
आर	और	११९	३
क	के	"	१५

صفحہ	سطر	غلط	صحیح
۱۲۵	۱۳	آ	آیا
۱۳۳	۴	دیکھو	دیکھو
۱۳۴	۷	آرت	آرہت
۱۴۸	۶	شعو	شعور
۱۵۲	۸	اسیل	اصیل

FINIS

صفحہ	سطر	غلط	صحیح
۵۱	۱۶	بهند سال	بهندسال
۵۵	۶	کُچه	کچھ
۶۶	۳	قطع	قطعہ
۷۸	۱۲	چهارلا	چهارے
۱۱۱	۳	تو	تو
"	۹	سے	سے
۱۱۵	۳	شی	شی ہی
"	۹	ہی	ہی
۱۱۸	۱۱	انهولے	اُنهوں نے
۱۱۸	۱۳	میرا	لئے میرا
۱۲۱	۳	مہنے	مہینے
۱۲۳	۱۱	دیکهے	دیکھے

غلط نامہ

صفحہ	سطر	غلط	صحیح
۴	۸	دکھ	دُکھے
۱۱	۱۳	تھ	تھے
۱۳	۱	یہ	پیے
۱۳	۳	یہہ	یئی
۱۴	۳	ھم	غم
۲۱	۸	ایک	ایٔک
۲۵	۱۲		نے
۲۶	۱	لو	کو
۲۶	۱۱	اسلے	اُسکے
۲۸	۴	داراشکوہ	دارا شکوہ
۳۸	۱۳	بادشا	بادشاہ

مُنھ کے بل گرن وارو مسلمان ہیو اور دوسرو
ہندو - ایک کی ڈِرشت نیچے کون رہی اور
دوسرے کی اوپر کون ۞ یا ہی تیں جوتشی آکاش
کی سب بات جانت ہیں - گرہن کو ہونو
بتاے دیکھنے اور ہون چال کی بات
بونتیں پوچھو وے بتاوینگے ۞ چوبے کی یہ
جُگت سن شہزادے نے ہنس کر کہا اس کی
دلیل کہا ہی - بولا یا ہی لئے بھور اُٹھ مسلمان
منھ دھوت ہیں اور ہندو جنگل جات ہیں -
یا کو یہی پرمان ہی ۞ اس حاضر جوابی
اور پنڈیائی سے خوش ہو شہزادے نے چوبے
کو انعام دیا اور جوتشیوں کو بحال کیا

۞ تمام شد ۞

چھوڑ دینگے ❊ اِتنا کہہ باہر آ ایک مکان پر بیٹھہ
یہ فکر کرتے تھے کہ کسی چوہے نے اُنہیں فکرمند
دیکھہ پوچھا - باباجو آج کیا ہی جو تم بہوت
ہو رہے ہو - اُنہوں نے سب ماجرا کہہ سنایا
تب چوہے بولا تم سو کوں لی چلو یا کو اوتر
ہوں دیوں گو ❊ اِتنی بات اُس کے مُنہہ سے
نکلتے ہی وے ہاتھوں ہاتھ چوہے کو حضور میں
لیگئے اور کہا کہ یہوں چال کا احوال یہ کہینگے ❊
شہزادے نے فرمایا اچھا کہے - چوہے بولا دھرم
مورت جا سمہن بھگوان نے سرشٹ رچوے
کی اِچھا کی تا سمیں دو ہی مُنکھ بنائے اور
اوپر سوں نیچے نرک میں ڈار دئے - تن میں
ایک مُنہہ کے بل گرپو اور دو سروں چوتر کے -

نقل ۱۱

شاہ جہاں بادشاہ کے شہزادے دارا شکوہ کو علم نجوم سے بڑا شوق تھا۔ نجومی اور جوتشی ہمیشہ نوکر رہتے۔ ایک ایک سے عداوت رکھتا پر شہزادے کے خوف سے کوئی کسی کا کچھ کر نہ سکتا ۔ ایک روز قابو پا نجومیوں نے شہزادے کو سکھایا کہ خداوند اِن جوتشیوں سے پوچھئے کہ بھوں چال کب آویگا۔ شہزادے نے سب کو بلا کر پوچھا اور کہا کہ یا تو تم بھوں چال کا آنا بتاؤ۔ نہیں میرے شہر سے نکل جاؤ ۔ یہہ بات سن جوتشیوں نے عرض کی کہ دھرماوتار آٹھ دِن میں اس کا اُتّر دینگے تو بولا۔ نہیں آپ کا نگر

چہرے کی جھرّیاں اور بالوں کی سپیدی
ہاتھ پانو کی سختی باتوں کی کرختی دیکھ مُسن
لگی کُٹنیوں کو گالیاں دے دے سر پیٹ پیٹ
بے اختیار پکار پکار رونے اور ارادہ نکلنے کا
بھی کیا پر حیا اور شرم نے نہ نکلنے دیا۔ چار
ناچار دُنیا سے بیزار اپنا من مار رہنے لگی ٭ ایک
روز مولوی صاحب کلپ لگانے کی تیاری کر
رہے تھے کہ اِس نے دور سے دیکھ اسیل
کو پکار کے کہا۔ ای ماما ای ماما اِس بوڑھے
خبیس سے پوچھ کہ ایک دفع کالا مُنھ کر کے
تو مجھے دام میں لایا۔ اب کسے برباد کرنے کو
رو سیاہ کرتا ہے ٭ اِتنی بات سُن شرمندہ
ہو مولوی نے اُس دن سے پھر خضاب نہ کیا

لگی وہ رویا تب یہ بولا ای کمبخت ناشدنی
تمام شہر میں خراب کر مجھے رُلا کے جو تو اب
رویا پہلے ہی کیوں نہ بولا جو میں اِتنا خراب
نہ ہوتا ۞ اِس بات کو سن کسی اُس کے آشنا
نے کہا بھائی جو مثل ہم سنتے تھے سو تم نے
سچ کر دکھائی کہ بغل میں لڑکا شہر میں
ڈھنڈورا

نقل ۹۹

شہر کلکتے کے بیچ کوئی مولوی ساٹھ ستر
برس کے سِن میں خضاب کر رات کے
وقت کتنیاں لگاے ایک ہندوستانی بی بی
کو نکاح کر لایا - وہ رات بھر تو جوان کے
دھوکے خوش رہی پر بھور ہوتے ہی اِس کے

ایک لڑکے کو کاندھے پر چڑھائے دوسرے کو
گودی میں لیے تیسرے کا ہاتھ پکڑے الگ ہو جوں
ایک طرف کھڑا ہوا توں پینک میں آیا ؛ پھر
ایک بعد میلے میں کچھ ہلڑ جو ہوا تو وہ پینک
سے چونک کاندھے کے لڑکے کو نہ دیکھ بہت
گھبرایا ؛ ندان یوں کہتا کہتا کوتوال کے
پاس آیا کہ ہائے میرا لڑکا کھویا گیا - کوتوال
نے پوچھا تمہارے کی لڑکے ہیں - بولا چھ - اُن
میں سے ایک کھویا ہے ؛ کوتوال نے سنکے
ڈھنڈورے کو اُس کے ساتھ کر دیا - وہ
تمام دن اُسے سارے شہر میں لئے پھرا -
آخر روز جھینکہ شام کے وقت جوں گھر میں
دھسا توں دروازہ کی چوکھٹ لڑکے کے سر میں

اُس نے آشنا کی بات مان سفر دور
دراز کیا اور چند برس میں کئی ہزار روپے
لے اپنے گھر آیا اِسے آسودہ حال دیکھ ایک
نے ایک سے کہا کہ اِس شہر میں تو یہہ بھوکھا
مرتا تھا باہر جا کہاں سے اِتنی دولت لے آیا
جو مالدار ہو گیا - وہ بولا کیا تمنے یہہ کہاوت
نہیں سُنی جو اِتنا تعجب کرتے ہو پوچھا کیا - کہا
پان پدارتھ سگھڑ نر ان تولے ہی بِکائیں
جوں جوں چڑھیں دِساوراں مول مہنگے جائیں

نقل ۹۸

دلی میں کسی افیمی کے چھ لڑکے تھے - ایک دِن
وہ تین لڑکوں کو ساتھ لے حضرت قطب کے
میلے میں گیا - وہاں بھیڑ بھڑکا دیکھ یہہ ڈر کر

دروازہ کھولا تب وُہ پچھاڑ کھا کے گرا اور
بولا کہ اِتنا کہا بچائیو بچائیو پر گراے بِن نرہا ٭
کسی نے سچ کہا ہی کہ سار وان گاڑی
وان مانند حیوان ہیں

نقل ۱۹۷

کوئی بھلا مانس صاحب شعور زمانے کی
گردش سے اپنے گھر میں بیٹھا فاقے کشی کر
رہا تھا کہ یہہ خبر سن اُس کے کسی دوست
نے آکر کہا - یہہ کیا غضب ہی کہ ہاتھ پاے کے
کاہلی مُنہہ میں مونچھیں جائیں - وُہ بولا میں
کیا کروں - اِن نے کہا - دانا لوگوں کا قول
ہی کہ اِنسان پر جب تباہی پڑے تب سفر
کرے - اِسی بات کو عمل میں لاو ٭ غرض

دیا یا گوں کہا چاہئے تھا تو تو ماپ لیوے
اِس بات کو سن راجا اور اُس کے
ساتھ کے لوگ لاجواب ہو گھر آئے

نقل ۹۶

ایک روز کوئی افیمی دو گھڑی دن رہے
افیم کا گھولا چڑھا بازار کی سیر کو نکلا
تو دیکھتا کیا ہی کہ سونہیں سے بھس اور
گڑ وہی سے بھرے چھکڑوں کا تانتے کا تانتا چلا
آتا ہی - اُسے دیکھ اِتنا کہہ وہ کسی بھلے
آدمی کے بند کیواڑ سے بھڑ کر کھڑا ہو رہا
کہ بچائیو بچائیو خبردار دھکا نہ لگے - اِس میں
پینک جو آئی تو اُسے وہیں کھڑے کھڑے
پہر بھر گذر گیا ؛ ندان جب گھر والے نے

بھی سبھا میں گئے بیٹھے تھے اور شاستر چرچا ہو
رہی تھی - اِس میں کچھ ذکر جو آیا تو راجا
نے سب کی طرف مخاطب ہو پوچھا کہ پرتھی کا
مدّھیہ بھاگ کہاں ہے سو مجھیں بتاؤ ۞ اِس
بات کے سُنتے ہی سب دم کھا رہے اور کسی
سے کچھ جواب نہ بن آیا تب ایک چوبے
بول اُٹھا کہ دھرماوتار جو آپ میرے ساتھ
چلو تو ہوں بتاؤں ۞ یہ سُن راجا اُٹھ کھڑا
ہوا اور بولا کہ چلو دکھا دو - وُہ بھی سبھا
سمیت راجا کو لئے کسی میدان بیابان میں
جا کچھ اِدھر اُدھر ناپ ایک جگہ برچھی گاڑ
بولا کہ جہاں یہ سیل گڑ یو ہے سوئی دھرتی
کو بیچ ہے - راجا نے کہا ہم کیسے مانیں - جواب

دمڑے پیٹتھا ہی - یے اُس کے سامنے جا کھڑے
ہوے اور ایک نے ایک سے کہا کہ اِسے
نظر نہیں آتا - دوسرے نے دو اُنگلیاں اُس کی
آنکھ کے سامنے کیں - وہ بولا یہہ کیا کرتے ہو -
اِس نے کہا - ہمنے جانا تھا کہ تجھے دیستا نہیں
اور جو دیستا ہی تو آگے دمڑی مِتھائی
کس لئے نہیں کھاتا - بولا اِس کے کھانے سے
گھر جاتا ہی ﴿ اِتنی بات کے سُنتے ہی
وے وہسکی سب مِتھائی کھا یہہ کہہ چلے گئے کہ
تیرا گھر رہہ بھلا ہمارا ہی گھر جایگا اور وہ بچارا
اپنے کہے سے آپ شرمندہ ہو رو کر بیٹھ رہا

نقل ۹۵

ایک دن راجا سوائی جیسنگھہ پندتوں

آوے سو کہئے - پر خاوندوں کے روبرو حق
بات کہنے میں کچھ عیب نہیں - تقصیر معاف
یے مولوی منشی نہوئیں جو ایک کے بلانے سے
سو آن حاضر ہوئیں - یے تو سائیس ہیں مہینوں
کی تلاش میں ایک آدھ ملجاے تو ملجاے
نہیں تو ملنا محال ٭ یہ سن صاحب ہنسے اور
امیدوار جو مولوی منشی اُس وقت حاضر
تھے شرمندہ ہوے اور منشی صدرالدّین
پشیمان ہو دم کھا رہا

نقل ۹۴

ایک روز دلّی کے دو کنگال بانکے شام کے
وقت بازار میں گئے تو اُنہوں نے دیکھا کہ ایک
حلوائی مٹھائی کا خوانچہ سنہا منہہ دہرا آگے

منشی صدرالدّین نے ازراہ خیرخواہی کہا کہ
اِس گھوڑے پر پنجابی سائیس رہے تو اِس کی
خدمت بہ خوبی ہو ٭ یہہ بات سُن صاحب نے
اِصطبل سے سائیسوں کے جمعدار کو بُلا کر فرمایا
کہ ہمیں ایک پنجابی سائیس لادے اور
بھول گئے ٭ بیس پچیس دِن بعد ایک روز
صاحِب کو وُہ بات یاد آئی - وِسے بُلوا کے
پُوچھا کہ سائیس مِلا یا نہیں - وُہ بولا خُداوند
غُلام ڈھونڈھتا ہی ابھی نہیں پایا ٭ یہہ بات
سُن کے مُنشی نے کہا - کہ بدذات ہی ایک مہینے
سے ٹال مٹال کرتا ہی اور سائیس نہیں
لا دیتا - بولا پیرو مُرشد بدذات کہے کا میں
بُرا نہیں مانتا - آپ خاوند ہیں جو مزاج میں

کا تون سب احوال کہہ سُنایا اور رُخصت مانگی ٭ شاہ نے فرمایا یہہ کبھی نہوگا کہ اب تمہیں رُخصت ملے - بولا جہان پناہ آپ کو یاد ہی جو میں نے چار بات خریدی تھیں ٭ فرمایا مجھے اچھی طرح یاد ہی ٭ کہا تین تو آزمائیں اور چوتھی یہہ ہی کہ بیقدر خاوند کی نوکری کبھی نہ کرے - اِس سے اب آپ کچھہ نفرمائے - بندہ ہرگاہ نہ رہینگا ٭ اِتنا کہہ وزیر رُخصت ہوا اور بادشاہ شرمندہ ہو دم کہا رہا

نقل ۹۳

تام گرام صاحب کو گھوڑونکا بہت شوق تہا ایک روز ایک عربی مول لیا - اِس میں

کام ضرور کا ہی اور کھانا تیار - میں کہا کروں
قضا کار کوتوال بھی اِن کے ساتھ تھا - ازراہِ
خوشس آمد بولا کہ پیر و مرشد آپ کھانا نوشِ
جان فرمائیے - تب تک بندہ رُقعے کا جواب
لا دیتا ہی وزیر نے رُقعہ اُس کے ہاتھ دیا اور
آپ کھانا کھایا - جوں کھانا کھا کر اُٹھا توں خاں
میں کہا اُس کا سر آن موجود ہوا ؛ یہہ لے
حضور میں گیا ؛ شاہ نے اِتنا کہہ محل سرا میں
بھیج دیا - کہ جس نے مجھے بے حُرمت کیا یہہ اُس
کا سر ہی لے ؛ وہ دیکھہ ڈر کر چُپ ہو رہی ؛
پھر بادشاہ نے سب بھید کہہ کر وزیر سے پوچھا
کہ میں نے تو تیرا سر کاٹنے کو لکھا تھا - یہہ کیا
سبب جو کوتوال کا سر کٹا ؛ وزیر نے جوں

اور وہ ہانک کر نکل گیا ۞ خدا کی قسم پکڑ
پاتی تو بوٹیاں کاٹ کاٹ کھاتی ۞ یہ کہہ ہاتھ
کاٹ پچھاڑ کھا زمین پر گری - اُس کی حالت دیکھ
اور بات سن شاہ نے خفا ہو وزیر کو بلا بھیجا ۞ جتنے وہ
آوے تتنے ایک رقعہ فوجدار کو لکھا کہ جو شخص
رقعہ لیکر آتا ہی وس کا سر فی الفور کاٹ کے بھیج
دوگے اور اس مین کچھ دیری ہوئی تو تمہارا
سر نہیں ۞ وزیر کے آتے ہی شاہ نے رقعہ دے کے
فرمایا کہ تمہارا یہ درجہ نہیں جو رقعہ لے فوجدار
کے یہاں جاؤ پر سمجھ و دوسرے کا اعتبار نہیں ۞
اس لئے تمہیں بھیجتا ہوں اس رقعہ کا جواب
جلد لاؤ ۞ وہ جوں رقعہ لیکے چلا توں راستے
مین کسی امرا نے کھانے کی تواضع کی - یہ بولا

ایک خاص خواص شہر کے کوتوال کو لئے
شراب پئے نیند میں غافل پڑی ہی ؛
اس نے دیکھتے ہی کمرسے دوشالہ کھول اُن
دونوں پر ڈال دیا ؛ شاہ پھر کر محل میں
داخل ہوئے اور یہہ رخصت ہو اپنے گھر آیا ؛
اس میں اُن کی آنکھ کھلی تو دونوں
نے شاہ کا آنا اور وزیر کا دوشالا اُڑھانا
معلوم کیا ؛ کوتوال تو وہاں سے نکل وزیر
کی ڈیوڑی پر جا حاضر ہوا اور اُس بدذات
نے کپڑے پھاڑ - بال کھوٹ - زمین میں لوٹ -
بادشاہ کو بُلا کے کہا کہ وزیر کی یہہ جان جو
تمھارے رہتے مجھہ پر ہاتھہ ڈالے اور بے حرمت
کرے افسوس دوشالا میرے ہاتھہ رہ گیا

ہوا ؛ ایک روز بادشاہ تخت رواں پر سوار
چلا جاتا تھا اور وہ سوداگر بچہ سامنے
شکستہ حال ننگے پانو تین دن کے فاقے سے نظر
آیا ؛ دیکھتے ہی شاہ نے فرمایا کہ اِس شخص
کو میرے پہنچتے پہنچتے جلد مکان پر لاؤ ؛ لوگوں
نے ہاتھوں ہاتھ لے جا حاضر کیا ؛ اِس نے آداب
بجایا - تب شاہ نے فرمایا - تو مجھے جانتا ہی
سچ کہہ ؛ بولا جہاں پناہ آپ نعم خدا ہیں
اور ملک کے مالک ؛ پھر شاہ نے دو دفع
پوچھا اور اِس نے یہی جواب دیا - تو خوش
ہوا اُس نے اسے اپنا وزیر کیا اور سب سلطنت کا
مختار ؛ ایک روز محل سرا میں بادشاہ
کے پیچھے پیچھے چلا جاتا تھا کہ اِس نے دیکھا جو

اُس نے توڑا لے کہا - کہ جو چھوٹے سے بڑا ہو

وہ سے چھوٹا کبھی نجانئے ۞ اُس نے کہا اور - بولا

اور رُپی دو اور لو ۞ اُس نے پھر ایک

توڑا دیا - اُس نے کہا - کسی کا عیب دیکھئے

تو اُس کی پردہ پوشی کیجئے ۞ پھر اُس نے

پوچھا اور - وہ بولا اور رُپی دو اور لو ۞

پھر اُس نے ہزار دیئے تب اُس نے کہا

بھوکھ لگی ہوئی ہووے اور کوئی کھانے کی تواضع

کرے تو ہزار کام چھوڑ کر کھانا کھائے ۞ پھر اسنے

پوچھا اور - پھر وسنے رُپی لے کہا بے قدر

خاوند کی نوکری کبھی نکرے ۞ غرض یہ چار

ہزار رُپی دے چار بات لے تباہ ہو وہاں رہا

اور قضا کار وہ غلام اُس شہر کا بادشاہ

دولت اُڑا کر مفلس ہو لگا دکھ پانے - تب
اُسکے دل میں آیا کہ بزرگوں نے سوداگری کر کے
پیسے جمع کئے تھے - بہتر ہے کہ میں بھی سوداگری
کروں - خدا اُسمیں بھی دیگا ❀ یہ سمجھ حویلی
بیچ چار ہزار روپیے لے سوداگری کو نکلا -
تو ایک اُس کے باپ کا غلام تھا سو بھی
ساتھ ہو لیا اور چلا چلا کسی شہر میں پہنچا ❀
وہاں بازار میں دیکھے تو سب طرف سب
جنس بکتی ہے اور ایک اونچا ایک شخص
مسند بچھا کے حقہ لگا کے بیٹھا رہ رہ کے یہ کہتا
ہے کہ میں بات بیچتا ہوں جسے درکار ہو مجھ
سے مول لے ❀ اِس نے اُس کے پاس
جا ہزار روپیے دے کہا کہ اِنکی بات ہمیں دو ❀

دیکھتا چلا ۞ پھر کئی آدمی دیکھ کے بولے کہ
دیکھو یہ کیا نالایق و ناخلف ہی جو آپ
سوار ہو باپ کو چلو میں دوڑاتا ہی ۞ یہ سن
آگے بڑھ وے دونوں چڑھ لئے تب کوئی بول
اُٹھا کہ یہ کیا مسخرے ہیں جو ایک گھوڑے
پر دو لد لئے ہیں ۞ یوں سن وے دونوں اُتر
پڑے اور جب تیس نے گھوڑا اُڈریا لیا
سے پیچھے پیچھے دیکھتے چلے تب انہیں دیکھ ایک
نے ایک سے کہا کہ بھائی دیکھو حرام کا مال
مفت جاتا ہی اور کسی کے کام نہیں آتا ۞
اس بات کے سنتے ہی کایتھ نے بیٹے سے کہا
کیوں بابا جان دنیا کی زبان سے بچنے کی کوئی
اور تدبیر ہو تو کرو سمجھتے تو اب کچھ نہیں بن

دونوں میں یہی گفتگو ہوتی تھی۔ ایک روز اُس نے
اپنا وہ گھوڑا سواری کو منگوایا کہ جس پر
کبھی سوار نہ ہوا تھا اور کھلا پلا کے خوب تیار
کیا تھا۔ گھوڑے کے آتے ہی باپ نے بیٹے سے کہا۔
بابا جان اِس پر تم سوار ہو ہم دیکھیں۔
بیٹے نے بھی یہی کہا۔ غرض بہت سی کہا سُنی
کے بعد اُس کا باپ ہی سوار ہوا اور بیٹا پیچھے
پیچھے دیکھتا چلا۔ اِس میں کئی ایک شخصوں
نے دیکھ کر کہا۔ دیکھو بڈھا کیسا کم بخت ہے کہ قبر
میں پانو لٹکا چکا لاولد تو بھی اب تک اِس کی ہوس
نہیں گئی۔ جوان بیٹا پیچھے جوتی چٹخاتا آتا ہے
اور آپ گھوڑے پر چڑھا جاتا ہے۔ یہ سُن
وہ اُتر پڑا اور بیٹے کو چڑھا۔ آپ پیچھے پیچھے

اُس کے سُنتے ہی اُہن نے بھی اِس دوہے کو
پڑھ سُنایا

کون چہے ہی بر سنا کون چہے ہی توپ
کون چہے ہی بولنا کون چہے ہی چپ

پھر کبِ نے یہ دوہا کہہ سُنایا

مالی چاہے بر سنا دھوبی چاہے دھوپ
ساہ چہے چاہے بولنا چور چہے چاہے چپ

نقل ۱۹۰

گوتی کا بیٹھ ہمیشہ اپنے بیٹے کو سمجھاتا اور
یہہ کہتا کہ بابا جان دُنیا بُری جگہ ہی۔ مگر تو
ڈرنکر تو بھی ڈر۔ اُس کا بیٹا سُن کر یہہ
جواب دیتا لالاجی بُری بُرے کے واسطے ہی
مگر تو ڈرنکر تو نہ ڈر۔ غرض جب نہ تب اُن

زبان کو سوجگہ وا کا بال بال یہہ کہتا ہی کہ
ہی کوئی برج میں دوست ہمارا جو گوپال کا چلنا
داقوف کرے ۞ معنے کے سنتے ہی شاہ نے خوش
ہو سب کی داد دی اور وسعت زبان برج
کی نہایت تعریف کی

نقل ۸۹

کسی راجا کی سبھا میں ایک گبر جا کے چپ
چاپ بیٹھ رہا۔ اس میں کوئی راج سبھا
میں سے بولا کہ آج کیا ہی جو گبر جی تم موں
گہہ بیٹھے ہو۔ اس نے اس کی بات کا اتر
نہ دیا پر یہہ دوہا پڑھا

اتِ کا بھلا نہ برسنا اتِ کی بھلی نہ دھوپ
اتِ کا بھلا نہ بولنا اتِ کی بھلی نہ چپ

ملا و نت جیتے اناک نولبم نوام لفظ کو گھڑی گھڑی
کہتا ہی اپرواہن اکے دل مین یہی خیال بندھا کہ
جو ذا بھی گھڑی گھڑی کہتی ہی اور بیربل
ذات کا باہمن ہو رز ور کا پہرنے والا
اُس کے بھی دل مین یہی خیال بندھا
کہ جو وا در در اکہتی ہی اور تو رل مل
منتصدی تھا۔ اُس کے خیال نے یہی بندش باندھی
کہ جو وا گھات گھات کہتی ہی اور فیضی
شاعر اُسے سوا ارونے کے اور مضمون
نہ سوجھا۔ اِس لئے اُس کے خیال مین آیا کہ
جو ذا ر و ر و کہتی ہی ؛ یہ بات سن کر
شاہ نے فرمایا کہ بھلا اب تم کہو اُس کے کیا
معنی ہین۔ عرض کی کہ جہان پناہ بار کہتے ہین

جہاں پناہ سلامت بار یعنی آب اور در یہاں
آب سے مراد ہی آنسو اور در سے مراد ہی
آنکھ - اِس سے معنے یہ نکلے کہ جسودا رو کر
یہ کہتی ہی کہ ہی کوئی برج میں دوست ہمارا
جو گوپال کو نجانے دے ٭ اِس عرصے میں آئے
نوّاب خانخانان - شاہ نے اُن سے بھی اُس
کے معنے پوچھے تب نوّاب نے عرض کی کہ قبلۂ
عالم اِس بسن پد کے معنے کسی اور نے بھی کہے
ہیں ٭ اِس بات کے سنتے ہی جس جس نے جو
جو معنے کہے تھے حضرت نے کہہ سنائے تب
نوّاب نے کہا جہاں پناہ یہہ تو اُس بسن پد کے
معنے نہیں پر ہاں ہر ایک نے اپنے دِل کا خیال
بیان کیا ٭ شاہ نے فرمایا سو کیا - بولا وہ بچارا

اِس میں آئے بیر بل۔ حضرت نے اُن سے بھی
اُس کا ارتھ پوچھا۔ بیر بل بولے پیر و مُرشد بار
کہتے ہیں دروازے کو سو جسودا دروازہ یہ کہتی
ہے کہ ہی کوئی برج میں دوست ہمارا جو گوپال
کو نجانے دے * اِتنے میں راجا تو ڈرمل آئے
حضرت نے اُن سے بھی معنے پوچھے۔ کہا حضرت
سلامت جسودا کِرشن کی ما۔ بار کہتے ہیں پانی
کو اور دروازے کو سو پانی کا دروازہ ہوا
گھات۔ اِس سے معنے یے ہوے کہ جسودا
گھات گھات یہ کہتی ہے کہ ہی کوئی برج
میں دوست ہمارا جو گوپال کو چلنے سے باز رکھے
* اِس درمیان آئے مُلّا فیضی۔ بادشاہ نے
اُن سے بھی وِہیں کے معنے پوچھے۔ جواب دیا

تب لاحول و لا قوت اِلّا باللہ پڑھ آرسی
پر تھوک پھر کر پھینک دیا کہ جب ایسا بُرا منہ
ہی تبھی کوئی رستے میں ڈال گیا ہی

نقل ۸۸

اکبر بادشاہ کے روبرو ایک روز میاں
تان سین نے سورداس کا یہ بشن پد گایا۔

جسُدا بار بار یہ بھاکھی
ہی کوُ و برج میں ہتو ہمارو
چلت گپُال لہ را کھی

شاہ نے اِس کے معنے پوچھے - میاں نے کہا
جسودا گھڑی گھڑی یہ کہتی ہی - ہی کوئی
برج میں دوست ہمارا جو چلتے ہوے گوپال
کو رکھے ؛ میاں تو کا ہے سمجھا ے چلے گئے

مہاراج دُنیا کے آرام کے لئے اور چند روز کی زندگی کے واسطے اُس نے بھائی کو مروایا اور دین و دُنیا کو گنوایا - اِس میں اُسکے ہاتھ کیا آیا جب بھائی بھائی سے یہ سلوک کرے تب دوسرے سے کوئی کیا توقع رکھے ؛

تلسی داس جی بولے کہ اِس بات کا اچرج مت کرو ایسے اور بھی ٹھور رکھا ہے

بدھِک بدھ ہو مرگ بان تیں رُدھر ودیو بتا ئے
اتِ ہت اِن ہت ہوت ہے تلسی دُر دِن پائے

نقل ۸۷

ایک روز کسی حبشی نے راہ میں درپن پڑا پایا - ہاتھ میں لے جوں اِس نے اُس میں دیکھا تو اسے اپنے چہرے کا عکس نظر آ

سچ کہا ہی کہ اناڑی کا سودا بارہ باٹ

نقل ۸۶

ایک زمیندار کے دو بیٹے پر اُن دونوں میں
ہمیشہ ان بناؤ رہتا ایک ایک کو نہ دیکھہ
سکتا ؛ جب اُنکا باپ مر گیا تب وے دونوں
آپسمیں لڑنے لگے - نِدان بڑے بھائی نے
چھوٹے کو زمینداری سے بے دخل کر مار کے نِکال
دیا تب وہ کِسی اور بڑے زمیندار کو اپنے
بڑے بھائی پر چڑھا لایا - اُس نے آتے ہی کھڑی
سواری اُسے مار لیا اور ساری زمینداری
کو اپنے قبضے میں کیا - جو چڑھا لایا تھا وِسے
کچھہ کھانے کو کر دیا ؛ یہ ماجرا دیکھہ کِسی نے
تُلسی داس گسائیں کے آگے جا کے کہا کہ

بچارا کہ چار پیسے کے پان سے تو میاں کا پیٹ
نہ بھریگا اِس سے بہتر ہی کہ چار پیسے کی چار
روٹی لے چلوں تو میاں پیٹ بھر کھائیگا ❊
یہہ من میں ٹھان چار پیسے کی چار روٹی لے
رومال میں باندھ بغل میں دبا میاں کے سونہیں
جا کھڑا ہوا ❊ مُنشی نے اِسے دیکھتے ہی جوں
اِشارہ کر ہاتھ بڑھایا توں اُس نے رومال
سے دو روٹی کھول اُس کے ہاتھ دیں - وُہ
دیکھتے ہی ہکا بکا ہو لگا اِس کی طرف دیکھنے
اُسکے طور بگڑے دیکھ یہہ بولا بھونڈی
طرح دیدے پھاڑ دیکھے سنی کے میں
نہیں کھائی دو اور دھری ہیں ❊ یہہ سُن
وُہ شرمندہ ہوا اپنے دلمیں کہنے لگا کہ کِسی نے

نہ وہ جسم ہی رہا اب کہاں ڈہونڈہوگے - اِتنا
کہہ چنپت ہوا

نقل ۸۵

کسی منشی کے پاس ایک باہرے کا سپاہی
نوکر ہوا - ایک روز اُس کا خدمتگار حاضر
نہ تھا - اُس نے اِسّے کہا کہ آج میرا آدمی
حاضر نہیں ہی تم میرے ساتھ دربار چلو ٭
کہا بہت خوب - اِس نے اُسے چار پیسے دیکے
کہا کہ سارے دِن دربار میں رہنا ہوگا
تم اِن کے پان لیکے چار گلوری لگوا لاؤ جب
میں اِشارہ کروں تب دو کھیلی دیجو - میں
آگے جاتا ہوں تم لیکر جلد آؤ ٭ یہہ کہہ وہ تو
دربار میں جا بیٹھا اور اِس نے اپنے دل میں

نے چار گھاؤ کھائے اور کوئی کہتا تھا پانچ ؛
غرض ہر ایک نے اپنے لڑنے اور زخم
کھانے کا احوال بیان کیا ؛ ایک بوڑھا تھول
اُن کے پاس بیٹھا تھا بولا کہ میاں جوانی میں
ہم بھی سیکڑوں لڑائیاں لڑے اور ہمنے بھی
ہزاروں زخم کھائے ایسے کہ کہیں بدن پر
تل دھرنے کی جگہہ باقی نہیں رہی - ہمارے آگے
اب کوئی کیا لڑیگا اور کیا زخم کھائیگا ؛ اِتنی
بات کے سُنتے ہی اُن میں سے ایک جوان
خفا ہوکر بولا بڑے میاں کپڑے تو اُتارو
دیکھیں تم نے کہاں کہاں گھاؤ کھائے ہیں ؛
وہ ہنسکے بولا میاں گبرو نہ وہ زمانہ رہا نہ وے
دن رہے نہ وہ جوانی رہی نہ وہ تیاری رہی

اور اگلا مُلک بہ مُلک پھرنے - جس مُلک
میں گیا وہاں اُس نے ہر مُلک کا آدمی دیکھا
تو حیران ہوا - نِدان کِتنے مہنے میں پھرکر
گُرو کے پاس آیا اور تعجب کر پوچھا کہ
مہاراج یہہ کیا آشچرج ہی جو ایک مُلک
میں آدمی پیدا ہوے اور دوسرے میں جا کر
بسے - گُرو بولا کہ بابا تو جو اِتنا اچنبھا کرتا ہی
سو کیا تو نے یہہ دوہا نہیں سُنا ؞

کِت کاشی کِت کاشمیر کِت خراسان گجرات
پرسرام یا جیو کی پر البدھ لیہجات

نقل ۸۴

کسی مکان کے بیچ پانچ سات سِپاہی بیٹھہ
آپسمیں ڈینگ مارتے تھے - کوئی کہتا تھا میں

یوں سمجھ۔ قاضی نے کہا جو تم نے کہا سو سب
سچ پر اب تم ہم سے کیا چاہتے ہو۔ یے بولے ہم
بے اولاد ہیں ہمارے مال اموال کے وارث
ہو کے مرنے سے مثنی دیجو۔ یہی ہم چاہتے ہیں ؛ آخر
مارے شرم کے قاضی نے اُن کی بات قبول کی
اِسلئے کہ کوئی اور نہ سنے ؛

نقل ۸۳

ایک کھتری جو دُنیا سے بیزار ہو کے کِسی نانک
پنتھی فقیر کا جا کے چیلا ہوا ؛ لیکن ایک دِن پیچھے
ایک روز اُس نے گُرو سے کہا کہ مہاراج میرا
جی چاہتا ہے جو آپ کی آگیا پاؤں تو پرتھوی
پر دچھنا کر آؤں۔ گُرو نے کہا بہت اچھا ؛ اِتنی
بات کے سُنتے ہی وہ ڈنڈوت کر بِدا ہوا

ننڈولا لیجا کے سو نہیں کہڑے ہو دکہلاؤ جب
وُہ پہچان کے تمہیں پاس بلاوے تب
تم نرالے لیجا کے سب احوال کہیو - اپنا احوال
سن کر وُہ تمہیں بہتیرا ڈراویگا پر تم نہ ڈریو
اور کہیو کہ جو تم ہماری بات نہ مانو تو چلکر میانجی سے
پوچھہ لو ؛ غرض وے دونوں جون پور گئے
اور اُسی طرح کرنے لگے تب قاضی نے اِن دونوں
کو پاس بُلا کر پوچھا کہ تم یہہ کیا کرتے ہو - بولے
نرالے چلو تو اِس کا احوال کہیں ؛ قاضی
اُنہیں نرالے لیگیا پہر اِنہونے سب احوال کہہ
سُنایا - قاضی نے دریافت کیا کہ کسی شخص
نے اِنہیں بہکایا ہے اِس سے اِن کی بات
بن قبول کئے کسی طرح میرا پیچہا نہ چہوڑینگے ۔

ملا نے اُن دونوں کی بات سُنکے دِل میں
بچارا کہ یہ ہیئے کے اندھے مت کے ہینے گانٹھ کے
پورے میری قسمت سے آن ملے ہیں -
اِن سے رُپئے کیوں نہیں لیتا - یہ سمجھ
اِن نے اُن سے کہا کہ ہزار رُپئے دو اور
گدھے کو باند جاوٗ - ایک برس کے بعد آکر
لے جائیو ؛ اِس بات کے سُنتے ہی وے جھٹ
